संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-61 सोमवार,01 जनवरी 2024, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**फिरोजाबाद,31 दिसम्बर (ए)।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के रामगढ़ थानाक्षेत्र में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि रामगढ़ थानाक्षेत्र के नगला बरी निवासी नेहा बघेल (20) पुत्री शिव शंकर बघेल ने फांसी लगा ली। नेहा बीएससी की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार वह पढ़ाई को लेकर पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में चल रही थी। आज दोपहर उसके मन में जाने क्या विचार आया वह कमरे में चली गई और फांसी पर झूल गई जिसके फल स्वरुप उसकी मौत हो गई । परिजनों को इसकी जानकारी काफी देर बाद तब हुई जब नेहा कहीं दिखाई नहीं पड़ी देखा तो वह फांसी पर झूल रही थी। नेहा को फांसी पर लटका देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया, पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। इधर सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की सहायता से शव को फांसी से उतारा । पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है।

### महिला पहलवान विनेश फोगाट के समर्थन में बोले राहुल गांधी

**नई दिल्ली 31 दिसम्बर (ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रेसलर विनेश फोगाट का समर्थन करते हुए भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार सुबह अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए विनेश के साथ एकजुटता जताई। राहुल ने इस पोस्ट में लिखा- देश की हर बेटी के लिए आत्मसम्मान पहले है, अन्य कोई भी पदक या सम्मान उसके बाद. आज क्या एक 'घोषित बाहुबली' से मिलने वाले 'राजनीतिक फायदे' की कीमत इन बहादुर बेटियों के आंसुओं से अधिक हो गई? प्रधानमंत्री राष्ट्र का अभिभावक होता है, उसकी ऐसी निष्ठुरता देख पीड़ा होती है। विनेश फोगाट ने देश के शीर्ष पहलवानों के साथ कथित अन्याय के विरोध में चार दिन पहले प्रधानमंत्री को खुला खत लिखकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार त्यागने की घोषणा की थी। उन्होंने शनिवार को ये दोनों पुरस्कार दिल्ली के कर्तव्य पथ पर रख दिए। डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाने वाले रेसलर्स भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के रूप में संजय सिंह के चुनाव का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि संजय सिंह बृजभूषण के करीबी सहयोगी हैं, इसलिए उन्हें न्याय नहीं मिलेगा।

# साल के आखिरी मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गिनाई 2023 की उपलब्धियां

## फिट रहने का दिया देशवासियों को मंत्र

**नई दिल्ली 31 दिसम्बर (ए)।** आत्मविश्वास से लबरेज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए साल के आगमन से पूर्व 2023 की उपलब्धियों को गिनाते हुए इसे 2024 में भी जारी रखने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, 2024 में हम फिर एक बार देश के लोगों की नई उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने देशवासियों को फिट रहने का मंत्र भी दिया। उन्होंने साफ किया कि विकसित भारत का लाभ उठाने के लिए फिट रहना जरूरी है और फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़कर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से आसानी से निपटा जा सकता है।



### श्री राम को लेकर बनाए जा रहे सारे भजन

इससे एक हैशटैग पर श्री राम को लेकर बनाए जा रहे सारे भजन, गीत और कविताएं उपलब्ध हो सकेंगी और आसानी से लोग इसका आनंद ले सकेंगे। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ शुरू हो रहे नए साल में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर और गुलामी की निशानियों से दूर विकसित भारत के निर्माण के लिए पंच प्राणों की भी दिलाई। उन्होंने कोई भी काम करने के पहले देश प्रथम मंत्र को सदैव ध्यान में रखने की सलाह दी।

### इन स्टार्टअप कंपनी को सराहा

पीएम मोदी ने फिटनेस और स्वस्थ्य के क्षेत्र में नए-नए स्टार्टअप के सामने और बड़ी संख्या में लोगों को इसके लिए प्रेरित करने पर खुशी जताई। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए काम करने वाले इंफीहील और योरदोस्त जैसे स्टार्टअप के काम की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर को देखते हुए नए भजन, नए गीत और नई कविताओं की भी चर्चा की उन्होंने कहा कि अनुभवी और नए कलाकारों की कई रचनाएं मनमोहन हैं और इनमें कुछ को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया है। लेकिन अलग-अलग बिखरी इन रचनाओं को एक साथ सोशल मीडिया पर लाने का मंत्र देते हुए उन्होंने जयश्रीरामभजन के नाम से हैशटैग के साथ उन्हें शेयर करने का सुझाव दिया।

### सोशल मीडिया पर चलेगा हैशटैग श्रीरामभजन

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पहले सोशल मीडिया पर भजनों को हैशटैग श्रीरामभजन के साथ शेयर करने का अनुरोध किया। भारतीय अध्यात्म और संस्कृति में 108 का विशेष महत्व बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात के 108वें एपिसोड में देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने 2023 की चंद्रयान, जी-20 के आयोजन, एशियाई खेलों में रिकार्ड पदक, पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसद आरक्षण सुनिश्चित करने जैसे ऐतिहासिक पलों को याद करते हुए कहा कि आज भारत का कोना-कोना, आत्मविश्वास से भरा हुआ है, विकसित भारत की भावना से, आत्मनिर्भरता की भावना से, ओत-प्रोत है। 2024 में भी हमें इसी भावना और मोमेंट को बनाए रखना है।

### भारत को मिला ऑस्कर अवॉर्ड

इस सिलसिले में उन्होंने नाटू-नाटू गाने और एलिफेंट विस्पर्स को मिले ऑस्कर पुरस्कारों का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने 2024 के पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए कहा कि पूरा देश उनका हौसला बढ़ा रहा है। पुराने साल को अलविदा और नए साल का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे अधिक फिटनेस पर जोर दिया। उनके अनुसार विकसित भारत के सपने को साकार करने और उसका सही मायने में लाभ उठाने के लिए भारत वासियों और खासकर युवाओं का फिट रहना जरूरी है। देशवासियों को फिट रहने के लिए प्रेरित करने के लिए मन की बात में उन्होंने सद्गुरू जग्गी वासुदेव, शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद, महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर, फिल्म स्टार अक्षय कुमार के साथ ही फिटनेस का स्टार्टअप चलाने वाले ऋषभ मलहोत्रा के अनुभव और संदेश को साझा किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहे और फिट रहे, 2024 की शुरूआत के लिए इससे बड़ा संकल्प और क्या हो सकता है।

# राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी!

## ईमेल के माध्यम से भेजी गई धमकी, सीएम योगी और एसटीएफ चीफ को भी बम से उड़ाने की धमकी



**अयोध्या,31 दिसम्बर (ए)।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर तैयारियां भी अपने अंतिम चरण में। कुछ दिनों पहले सीएम योगी ने अयोध्या में सुरक्षा का मुआयना करते हुए हाईलेवल मीटिंग भी की थी। अब इसी बीच मेल के जरिए श्रीराम मंदिर, सीएम योगी और एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ये धमकी भरा मेल भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को मिला। साथ ही उन्हें भी मारने की धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, धमकी भरा मेल भेजने वाले ने खुद को आईएसआई से जुड़ा बताया है। यूपी-112 के इंस्पेक्टर की तहरीर पर लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मामले को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। यूपी पुलिस के साथ-साथ एटीएस की टीम को भी मामले की जांच में शामिल किया गया है। दोनों टीम मेल भेजनेब वाले को ट्रेस कर रही है। बता दें,मामले को लेकर एफआईआर यूपी-112 में तैनात इंस्पेक्टर सहेंद्र कुमार ने दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार,भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने ट्विटर पर इस धमकी भरे मेल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए यूपी-112 को टैग किया,जिसमें बताया कि जुबेर खान नाम के आरोपी की तरफ से उनको 27 दिसंबर की शाम 7 बजकर 37 मिनट पर एक मेल भेजा गया, जिसमें लिखा था कि सीएम योगी, एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने जीना बेहाल कर रखा है। और तुम भी बहुत गो सेवक बने हो। इसलिए सभी को बम से उड़ा दिया जाएगा। साथ ही मेल में आगे लिखा था, अयोध्या के श्रीराम मंदिर को भी उड़ाएंगे। और इन सब की जिम्मेदारी आईएसआई ले रहा है।

# इसरो नए साल के पहले दिन रचेगा इतिहास




**नई दिल्ली,31 दिसम्बर (ए)।** इसरो नए साल के पहले दिन इसरो नया इतिहास रचने जा रहा है। चार भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप सोमवार को इसरो के पीएसएलवी-सी58 मिशन के तहत अंतरिक्ष में एंट्री करेंगे, जो पेलोड लॉन्च करेंगे। ये माइक्रोसैटेलाइट सबसिस्टम, थ्रस्टर या छोटे इंजन को दर्शाएंगे, जो उपग्रहों को लक्षित कक्षाओं और रेडिएशन शील्ड कोटिंग में रखते हैं।

### XPoSat उपग्रह होगा लॉन्च

हैदराबाद स्थित ध्रुव स्पेस पीएसएलवी-सी58 मिशन के तहत आकांक्षी पेलोड के लिए लॉन्चिंग अभियान एलईएपी-टीडी पेलोड के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष कक्षा में पी-30 नैनोसैटेलाइट प्लेटफॉर्म की मजबूती को दर्शाएगा। ये XPoSat उपग्रह लॉन्च करेगा।

### पेलोड को पीएसएलवी रॉकेट से भेजा जाएगा

अंतरिक्ष आधारित स्टार्ट-अप और अन्य अनुसंधान संस्थानों के पेलोड को पीएसएलवी रॉकेट के चौथे चरण पर रखा जाएगा, जिसे विभिन्न प्रयोगों को अंजाम देने के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में रखा जाएगा। इसरो का पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पीओईएम) एक कक्षीय प्लेटफॉर्म के रूप में पीएस4 चरण का उपयोग करके कक्षा में वैज्ञानिक प्रयोगों की अनुमति देता है।

# उत्तर भारत में शीतलहर और कोहरे का कहर,तापमान में आई भारी गिरावट,मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट



**नई दिल्ली,31 दिसम्बर (ए)।** दिल्ली,उत्तर प्रदेश,बिहार और राजस्थान समेत देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। सभी लोगों को सर्दी का सितम सताने लगा है। न्यू ईयर इव और नए साल के दिन मौसम विभाग ने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। इसी बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में घना से अधिक घना कोहरा रहने की संभावना है। साथ ही, बताया जा रहा है कि अगले दो दिनों में पूर्वी भारत तक कोहरे की बढ़ने की संभावना है।

### उत्तर भारत में जमाएगी सर्दी,घने कोहरे की बन रही स्थिति

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने कहा कि अगले दो दिनों में पंजाब,हरियाणा,उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भीषण ठंड का सामना करना पड़ सकता है। कई इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में 2 जनवरी की सुबह तक और कुछ हिस्सों में उसके बाद के तीन दिनों तक घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना है।

### उत्तर-पूर्वी भारत में भी बढ़ेगी ठंड

आईएमडी ने कहा कि 2 जनवरी की सुबह तक राजस्थान और उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की भी संभावना है और अगले दो दिनों तक अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में 1 जनवरी तक सुबह और मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 2 जनवरी तक घने कोहरे की संभावना है। आईएमडी ने कहा, पंजाब और हरियाणा में 4 जनवरी तक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 1 जनवरी तक अलग-अलग इलाकों में कोल्ड डे की स्थिति होने की संभावना है।

# अपने बेटे के लिए मेरे परिवार को फंसा रहे,भाजपा सांसद ने सीएम सिद्धारमैया पर लगाया आरोप

**मैसूर,31 दिसम्बर (ए)।** भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा ने रविवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया केवल अपने बेटे यतींद्र सिद्धारमैया के राजनीतिक गाड़ी को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके परिवार को खत्म करना चाहते हैं।

प्रताप सिम्हा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने बेटे को जीत दिलाने के लिए उन्हें निशाना बना रहे हैं। प्रताप सिम्हा अदरक उगाने के लिए हसन के एक खेत में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई के मामले में अपने भाई विक्रम सिम्हा की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। विक्रम को शनिवार शाम को गिरफ्तार किया गया था और आज उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।



### सिम्हा के आरोपों को किया खारिज

सिम्हा के आरोप को खारिज करते हुए कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने कहा कि जब करोड़ों रुपये के पेड़ अवैध रूप से काटे जाएंगे, तो कार्रवाई की जाएगी। राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने भी सिम्हा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों को परिणाम भुगतना होगा।

### अपने बेटे के लिए मेरे भाई को फंसाया

मैसूर-कोडागु के भाजपा सांसद ने मीडिया से कहा, मेरे भाई का नाम पहले एफआईआर में नहीं था, वह फरार भी नहीं था,फिर भी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सिम्हा ने आगे दावा किया कि सीएम गिरफ्तारी से नहीं रुकेंगे। सांसद ने आरोप लगाया, सिद्धारमैया बेटे के राजनीतिक भविष्य के लिए, आप प्रताप सिम्हा को कुचलने के लिए सभी प्रयास करेंगे। आप मुझे बदनाम करेंगे और मेरे परिवार को इसमें घसीटेंगे। आप मेरे भाई को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

### मैसूरु के लोग मेरे साथ

सिम्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने बेटे यतींद्र के पुनर्वास की कोशिश कर रहे हैं, जिन्होंने मई 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान अपने पिता के लिए वरुणा सीट खाली कर दी थी। सांसद ने कहा, अपने बेटे के भविष्य के लिए, सिद्धारमैया मेरे परिवार को खत्म करना चाहते हैं। कृपया मेरी बुजुर्ग मां और बहन को भी गिरफ्तार कर लें, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैसूरु-कोडगु के लोग मेरे साथ हैं।

# बंगाल में सभी सरकारी कार्यक्रमों में नए साल से राजकीय गीत गाना अनिवार्य

**कोलकाता,31 दिसंबर (ए)।** पश्चिम बंगाल सरकार ने रविवार को एक अधिसूचना जारी कर नए साल से सभी राज्य सरकार के कार्यक्रमों में राज्य गीत गाना अनिवार्य कर दिया है। राज्य के निवर्तमान मुख्य सचिव एच.के. द्विवेदी द्वारा जारी अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों को हर साल पोइला बोइशाख (बंगाली नव वर्ष दिवस) के अवसर पर राज्यउत्सव दिवस का आयोजन करना होगा।

अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार के किसी भी कार्यक्रम से पहले गाया या ट्यून किया जाने वाला गाना अनिवार्य रूप से एक मिनट 59 सेकंड की अवधि का होना चाहिए। हालाँकि,राज्य सरकार का कोई भी कार्यक्रम राष्ट्रीय गीत के साथ समाप्त होगा। अधिसूचना के अनुसार, इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को गाने के गायन या वादन के समय खड़े रहना होगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा में इस साल 6 सितंबर को पोइला बोइशाख (बंगाली नव वर्ष दिवस) को पश्चिम बंगाल का राज्य दिवस घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया था। उसी समय, यह भी निर्णय लिया गया कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित प्रसिद्ध गीत बांग्लार माटी, बांग्लार जोल (बंगाल की मिट्टी,बंगाल का पानी) राष्ट्रीय गीत की तर्ज पर राज्य गीत होगा। हालाँकि, भाजपा पोइला



बोइशाख (बंगाली नव वर्ष दिवस) को पश्चिम बंगाल के लिए राज्य दिवस घोषित करने का विरोध कर रही है। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने तब कहा था, पोइला बोइशाख को राज्य दिवस घोषित करने का कोई वैज्ञानिक औचित्य नहीं है। इसलिए इस प्रस्ताव का हश्र वैसा ही होगा जैसा राज्य सरकार द्वारा राज्य का नाम बदलने या विधान परिषद के गठन जैसे मुद्दों पर या राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री को नियुक्त करने से संबंधित प्रस्तावों का हुआ था।

## संपादकीय

### डीपफेक पर लगाम जरूरी

भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है,जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। निर्विवाद रूप से यह नई तकनीक का दुरुपयोग है। यह एक तरह की आपराधिक गतिविधि भी है,जिस पर रोक लगाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को इसे रोकने की जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।

भारत सरकार के बारे में यह आम धारणा ठोस रूप ले चुकी है कि वह हर माध्यम और संस्था पर अपना शिकंजा कसना चाहती है। एक दूसरी धारणा यह है कि उसकी ऐसी हर कार्रवाई दलगत नजरिए से एकतरफा होती है। यही कारण है कि डीपफेक के बारे में सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स के लिए उसकी जारी ताजा एडवाइजरी ने कई हलकों में गहरी आशंकाओं को जन्म दिया है। वरना,डीपफेक तकनीक को लेकर चिंताएं सारी दुनिया में हैं। लगभग सभी देशों में आर्टिफिशिलय इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक को विनियमित करने पर विचार हो रहा है। ऐसे में भारत सरकार भी ऐसे कदम उठाए, यह लाजिमी है। लेकिन उसके ऐसे कदम से समाज के एक हिस्से अंदेशे गहरा जाते हैं, तो उसका कारण सिर्फ सरकार का अपना रिकॉर्ड है। बहरहाल, केंद्र ने डीपफेक समस्या को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। उसने सभी सोशल मीडिया कंपनियों को सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का पालन करने की सलाह दी है। इससे पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक एड्वाइजरी जारी कर चुका है।

ताजा एडवाइजरी में मंत्रालय ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स को आईटी नियमों के तहत प्रतिबंधित कंटेंट को प्रकाशित ना करने के बारे में जागरूक करना चाहिए। यूजर्स को फर्जी वीडियो, मैसेज या कंटेंट डालने से रोकने का काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का है। मकसद यह है कि ऐसी गतिविधि से अन्य यूजर्स को नुकसान ना हो। यह बताना भी इन्हीं प्लैटफॉर्म्स का दायित्व है कि आईटी कानून के नियम का पालन नहीं करने पर यूजर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बीते नवंबर में भी केंद्र ने एक आदेश जारी कर डीपफेक वीडियो की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए कहा था। यह सच है कि दुनिया के कई दूसरे देशों की ही तरह भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। निर्विवाद रूप से यह नई तकनीक का दुरुपयोग है। यह एक तरह की आपराधिक गतिविधि भी है, जिस पर रोक लगाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को इसे रोकने की जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।

# चंद्रमा के धरातल पर पहुंचा भारत...

## नया वर्ष नारी,नॉनिहालों और राष्ट्र के महान उत्थान का वर्ष हो...अनंत शुभकामनाएं...



संजीव ठाकुर
रायपुर
छत्तीसगढ़

**मंगलकामनाओं के गीत गायें, नवबर्ष को विशेष सफल बनायें।**

2024 में भारत अब एक सक्षम और मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर कर सामने आया है। वैश्विक नेतृत्व के संदर्भ में द्20 का नेतृत्व का गौरव भी भारतवर्ष को 2023 में मिला । क्रिकेट के वन डे मैचों के काआयोजन भी भारत मे हुआ,देश के प्रधान मंत्री वैश्विक देशो में लोकप्रियता के शिखर पर रहे हैं, अयोध्या में गौरव शाली महर्षि वाल्मीकि वैश्विक एयरपोर्ट नया भव्य रेलवे स्टेशन भी मिला,हालांकि विश्व ने रूस यूक्रेन और इस्राइल पिलिस्तीनी युद्ध मे लाखों जाने गंवाई।

नव वर्ष के आगमन के साथ हम नारी उत्थान और बच्चों के सर्वांगीण विकास की शपथ के रूप में शुरुआत करें। आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं आने वाला वर्ष 2024 आप सबके लिए मंगल कारी और समृद्धशाली हो ऐसी शुभकामनाएं हैं। आने वाली कई पीढ़ियां तथा संताने वर्ष 2020 और 21-22 को संक्रमण काल तथा विभीषिका के वर्ष के रूप में याद करेगा। 2023 बहुत सारे यादगार पलों वाला वर्ष रहा है राजनीतिक उथल-पुथल से भरपूर यह वर्ष 23 ने तमाम आर्थिक,समाजिक, शारीरिक वैश्विक वृद्धि तथा विकास के लिए एक सशक्त वर्ष बन कर आया। 2022 के अंत में हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माता हीराबेन जैसी सुयोग्य माता को खोया है। भारतीय संदर्भ में वर्ष 19,20 और 2,23 को विश्लेषिक दृष्टि से देखा जाए तो भारत ने कोविड-19 बीमारी के चलते दो बड़े राजनेता पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी पूर्व केंद्रीय मंत्री मोतीलाल वोरा को खो दिया था, 2020 को करोना के वायरस के चलते लॉकडाउन तथा एकांतवास के कारण शुरुआती दो-तीन महीनों में अर्थव्यवस्था निचले स्तर पर पहुंच चुकी थी,पर लॉकडाउन में ढील देते ही अर्थव्यवस्था अपनी पटरी पर दौड़ने लगी और धीरे धीरे बाजार में रौनक लौटने लगी,बाजार में बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था के बावजूद देश में पेट्रोलियम स्टील,सीमेंट,मेडिसिन, एल ुमिनियम,अनाज तथा इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर धीरे धीरे सही दिशा में आने लगे वैसे देखा जाए तो ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कारों की बिक्री काफी हद तक टू व्हीलर से ज्यादा रफ्तार पकड़ी वहीं कई राज्यों में स्टील सेक्टर ने मंदी के बावजूद अपनी रफ्तार को वापस प्राप्त कर लिया है, केवल भारत देश में ही मंदी न होकर वैश्विक आर्थिक मंदी व्यापक तौर पर हर देश में पसर गई थी, करोना के शुरुआती दिनों में इलाज के लिए दवाई,उपकरण, एवं अस्पतालों के लिए उचित स्थान की बेहद कमी महसूस होने लगी थी , खासकर सैनिटाइजर और मास्क की कमी ने भयावह स्थिति पैदा कर दी थी पर अनेक देशों के आपसी सामंजस्य और भलमनसाहत से की गई सेवाओं के चलते गरीब देशों में दवाइयां तथा इलाज के लिए आने वाले आवश्यक वस्तुओं को पहुंचा कर एक बड़ी राहत दी। भारतवर्ष के लिए यह वर्ष आत्मनिर्भरता और मेक इन इंडिया का रहा है,भारत में बड़े पैमाने पर मास्क,ताबूत और दवाइयां तथा सैनिटाइजर के मामले में मेहनत कर आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली एवं आर्थिक स्थिति को भी डावाडोल होने नहीं दिया। यह सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। क्रिकेट जगत के दो महान खिलाड़ी भी 2020 में अवकाश लेकर क्रिकेट की दुनिया से विदा हुए। करोना काल में भारत राष्ट बड़ी मात्रा में कॉमेडी 19 विरोधी वैक्सीन का का अविष्कार तथा निर्माण करना एक महत्वपूर्ण आत्मनिर्भर होने वाली उपलब्धि है, भारत में न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरे विश्व के कई देशों को भी आवश्यक वैक्सीन निर्मित कर देने का भरोसा जताया है। भारत में वर्ष के गुजरते गुजरते अनाज,ऑटो मोबाइल,इलेक्ट्रॉनिक,मेडिसिन क्षेत्र में वापस पहले जैसी स्थिति लाने का रुझान भी दिखाया है। रक्षा क्षेत्र में बदमाश पड़ोसी देश की विस्तार वादी नीति के अंतर्गत पूर्वी लद्दाख में अपनी सेना द्वारा अतिक्रमण करने के प्रयास को करारा जवाब देकर यह दिखा दिया है कि भारत देश और उसकी सरकार एक साथ कई मोर्चों पर पूरी क्षमता के साथ निपटने को तैयार है,अब भारत पहले जैसा भारत ना होकर एक मजबूत तथा स्वस्थ, सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत एक संपूर्ण प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक राष्ट्र बन चुका है,देश में उद्योग को सरकार की नीतियों के चलते ज्यादा नुकसान ना हो कर सामान्य स्थिति बनी रही। भारत राष्ट्र को स्टील इंडस्ट्रीज में भी उसकी सशक्त नीतियों के चलते नुकसान झेलना नहीं पड़ा,स्टेट तथा रियल स्टेट में पूर्व वर्षों की तरह मंदी का करोना काल में भी सामना करना पड़ा पर, साल के खत्म होते होते द रियल स्टेट भी पूर्व की तरह प्रगति के पथ पर आने की संभावना है,वैसे देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरे देश की व्यवस्था को एक तरह से संभल देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, आम उपभोक्ताओं ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट की जगह स्वयं के वाहनों को आने-जाने के माध्यम के रूप में उपयोग करने से नई वाहनों की बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। ऐसी स्थिति में 2023 का आगमन सुखद होगा,देश में नए वर्ष के आगमन होते होते सामान्य स्थिति की ओर जाने लगा है एवं कोविड-19 के संक्रमण में पूर्ण नियंत्रण भी पा लिया है। इसके साथ ही इलाज के लिए महत्वपूर्ण आवश्यक संसाधन भी सरकार द्वारा आमजन के लिए उपलब्ध करा दिए गए हैं,जिससे स्थिति आशातीत रूप से सवरने की स्थिति बन चुकी है, अब हमें यह आशा करना चाहिए की आगामी नव वर्ष हिंदुस्तान के आवाम के लिए शुभ एवं आशाओं भरा होगा। देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ।




## नया साल

हर साल आता है
एक नया साल।
कहां बदलता है
हमारा यह हाल।
महंगाई और बेकारी
से हैं सब बदल हाल।
बढ़ती हुई महंगाई ने
बदल दी हमारी चाल।
चुनाव जीत जीत कर
हो रहे राजनेता नेहाल।
सब तरफ है भ्रष्टाचार
देखी वृक्ष की डाल-डाल।
फल फूल रहे हैं कॉरपोरेट
गरीबों के दिख रहे कंकाल।
अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है
बोलने पर मच जाता है बवाल।
जो कोई उठाए अपनी समस्या
उसे पर होते सवाल पर सवाल।
महिलाओं की आबरू सुरक्षित कहां है
अखबारों में पढ़ रहे हो उनका हाल।
महिलाओं को 33त्र आरक्षण दे
बिछाया वोट देने के लिए जाल।
फिर भी क्या कर सकते हैं हम
खुश होना पड़ेगा आया है नया साल।



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक ( हरियाणा)

## जरा अदब से

उतारना पुराने कैलेंडर को
कितने दिनों,हफ़्तों,महीनों की खट्टी,
मीठी,कड़वी,सुख,दुःख,दर्द,हँसी,
आँसू,गम,खुशी,संयोग,वियोग
की यादें जुड़ी हैं जाते साल से
ज़रा अदब से विदा करना साल को
ताकिखुशियों,राहतों,चाहतों,अरमानों,
सुखमय,खुशहाल,समृद्धि
से भरा हो नया साल
न कोई आपदा,विपदा,बीमारी,तनाव,
आतंक,दुघर्टना,प्रलय
बस सुख चैन,अमन,शांति
हर घर,आंगन हो महकता,
चहकता खुशियों से
जरा अदब से विदा करना जाते
साल को
हर पुरानी कड़वी याद को
हर पुराने दुःख,कलेश को
हर पुराने ज़ख्म को
जो भी बिता बस बीत गया कर संतोष
बाहें खोल बड़े ही अदब से,
विश्वास से खोल बाँहें करें
स्वागत नए साल का,
नए दिन,नया हफ्ता,
नया महीना,नया कैलेंडर,
नई सुबहें,नए दिन,नई रातें
बस सब कुछ हो नया नया अच्छा
बड़े अदब से सिर झुका कर
हाथ जोड़कर करते हैं स्वागत नव
वर्ष का।।



मीनाक्षी सुकुमारन
नोएडा
हरियाणा

## संजीव-नी

**शुभकामना,मंगलकामना गीत,**
**नव वर्ष की असीम शुभकामनाएं ,**
छूटे कुछ पल,
बीते कुछ पल,
कुछ पलों ने दिल को छुआ,
कुछ पलों ने मन को दी पीड़ा,
कुछ पल थे सादे सादे,
कुछ पलों में थी रोशनाई,
कुछ फूलों ने बगिया अपनाई,
कुछ भवरों ने कलियों को छेड़ा,
कुछ कलियां भी बहुत शरमाई,
मुस्कुराई,
कुछ पुष्प साथ छोड़ गए,
कुछ फूलों ने गगन को चूमा,
कुछ पल धरा पर लेट गए,
कुछ पल कानों में मधु रस घोल गए,
कुछ पल वियोग का रस छोड़ गए,
चलो भूले कल की उदासी को,
आया तेजस्वी युवा सवेरा,
सूरज की रोशनी में,
ऊर्जा शक्ति का बसेरा है,स्वीकारे,
नव वर्ष की स्फूर्त किरणों को,
नव संकल्प,नव उद्देश नव आकाशों को,
स्वागत करें ईश्वर के नव वर्ष के
आशीर्वचनो को,
नव वर्ष की असीम शुभकामनाएं ,
आपकी समस्त मंगल कामनाएं पूर्ण हो,



संजीव ठाकुर
रायपुर
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

## नीतीश बचेंगे या खत्म होंगे ?



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने अस्तित्व का संकट है। वे राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिल कर सरकार चला रहे हैं लेकिन राजद की ओर से उनको कमजोर करने की कोशिश हो रही है। वे भाजपा के साथ जाना चाहते हैं लेकिन भाजपा को भी पूरी तरह से सरेंडर चाहिए। जानकार सूत्रों का कहना है कि राजद और भाजपा दोनों बिहार की राजनीति से नीतीश फैक्टर को खत्म करना चाहते हैं। असल में बिहार की राजनीति में पिछले करीब तीन दशक से नीतीश कुमार एक धुरी बने हुए हैं और वह भी बिना किसी मजबूत जातीय आधार के। उन्होंने 1994 में समता पार्टी बनाई थी और तब से वे बिहार के राजनीति के सबसे अहम किरदार हैं।

लेकिन अब दोनों बड़ी पार्टियां- राजद और भाजपा उनको खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी ओर से ऐलान किया है कि 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के चेहरे पर लड़ा जाएगा। लेकिन बताया जा रहा है कि लालू प्रसाद चाहते हैं कि नीतीश अभी तुरंत तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाएं। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले साल अगस्त में जब नीतीश ने भाजपा को छोड़ा था तब लालू प्रसाद के साथ उनका समझौता हुआ था कि वे एक साल में तेजस्वी को गद्दी सौंप देंगे। सो, लालू की ओर से नीतीश पर भारी दबाव है। लालू परिवार के कई सदस्य राज्य की सत्ता का केंद्र बने हैं, इससे भी नीतीश को समस्या है। इसके अलावा लालू की पार्टी के विधायक और मंत्री जैसे सुनील सिंह, चंद्रशेखर, सुधाकर सिंह आदि लगातार नीतीश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। लालू प्रसाद को लग रहा है कि अगर तेजस्वी अभी सीएम नहीं बने तो बेटे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर देखने की उनकी हसरत पूरी नहीं होगी और अगर नीतीश फैक्टर बने रहे तो मंडल, समाजवादी और पिछड़ों की राजनीति पूरी तरह से राजद के हाथ में नहीं आएगी।

दूसरी ओर भाजपा ने नीतीश फैक्टर को खत्म करने की कोशिश 2020 के विधानसभा चुनाव में भी की थी। तब वे भाजपा के साथ ही मिल कर चुनाव लड़ रहे थे लेकिन भाजपा की शह पर चिराग पासवान ने नीतीश की पार्टी के हर उम्मीदवार के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतार दिया था। सोचें, तब नीतीश राजद-कांग्रेस गठबंधन के खिलाफ तो लड़ ही रहे थे लोक जनशक्ति पार्टी के भी खिलाफ लड़ रहे थे, जिसके पीछे भाजपा की ताकत थी। भाजपा के अनेक बड़े नेता लोक जनशक्ति पार्टी की टिकट से चुनाव लड़े थे। फिर भी नीतीश 43 सीट जीत कर आए। लेकिन वे काफी कमजोर हुए और राजद व भाजपा के बाद तीसरे नंबर की पार्टी रह गए।

## उत्तर-दक्षिण का कोई विभाजन नहीं है

उत्तर भारत की हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की और तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के बाद उत्तर-दक्षिण के विभाजन का एक विमर्श खड़ा किया गया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस अब दक्षिण भारत की पार्टी रह गई है, जबकि भाजपा उत्तर भारत की पार्टी है। यह भी कहा जा रहा है कि उत्तर और दक्षिण भारत दो टापू हो गए हैं, जिनके बीच की दूरी बढ़ती जा रही है। यह एक राजनीतिक विमर्श है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक और आर्थिक पहलुओं का भी संदर्भ दिया जा रहा है। भाषायी विभाजन का वितंडा खड़ा हो रहा है तो सनातन और सनातन विरोध का विमर्श आगे बढ़ाया जा रहा है। यह सही है कि भाषा, संस्कृति, खान-पान और दूसरी कई चीजों में देश के दोनों हिस्सों में बहुत भिन्नता है। लेकिन यह भिन्नता तो सदियों से है और आधुनिक तकनीक व विकास ने तो इस भेद को काफी हद तक कम कर दिया है फिर इस तरह के विमर्श का क्या मतलब है?

सबसे पहले राजनीतिक विभाजन की बात करनी चाहिए क्योंकि जैसे ही यह साबित होगा कि उत्तर और दक्षिण का कोई राजनीतिक विभाजन नहीं है और दक्षिण भारत की राजनीति में कांग्रेस और भाजपा दोनों की स्थिति लगभग समान है तो अपने आप सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक विभाजन का विमर्श कमजोर पड़ेगा। कांग्रेस को दक्षिण भारत की पार्टी बताने वाले लोग यह भूल जा रहे हैं कि कांग्रेस कई दशकों से लगातार दक्षिण में कमजोर होती जा रही है और भाजपा धीरे धीरे मजबूत हो रही है। दक्षिण भारत की राजनीति में दोनों की स्थिति में कोई खास फर्क नहीं है। आंकड़ों से भी इस बात की पुष्टि हो सकती है। दक्षिण भारत के पांच राज्यों- तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लोकसभा की कुल 129 सीटें हैं। इनमें से कांग्रेस के पास 27 सीटें हैं तो भाजपा के पास 30 सीटें हैं। सोचें, कांग्रेस से तीन सीटें ज्यादा हैं, भाजपा के पास।

कह सकते हैं कि भाजपा की 30 सीटें सिर्फ दो राज्यों- कर्नाटक और तेलंगाना में हैं, जबकि कांग्रेस की 27 सीटें चार राज्यों- तमिलनाडु,केरल,कर्नाटक और तेलंगाना में हैं। बहस के लिए ऐसा कहा जा सकता है लेकिन इससे वास्तविक तस्वीर साफ नहीं होती है। उसके लिए कुछ और आंकड़ों को बारीकी से देखना होगा। ध्यान रहे भाजपा अभी तक दक्षिण में सिर्फ कर्नाटक की पार्टी मानी जाती थी। बाकी राज्यों में उसका आधार बहुत सीमित था। लेकिन धीरे धीरे तस्वीर बदल रही है। कर्नाटक में चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद भी भाजपा को 36 फीसदी वोट मिला है। इसी तरह तेलंगाना में 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 6.9 फीसदी वोट मिले थे, जो 2023 के चुनाव में बढ़ कर 12.88 फीसदी हो गया है यानी भाजपा का वोट लगभग दोगुना हुआ है। भाजपा के लिए सबसे मुश्किल माने जाने वाले प्रदेश केरल में 2016 में भाजपा को 10.6 फीसदी वोट मिले थे, जो 2021 में बढ़ कर 11.3 हो गया।

सबसे दिलचस्प आंकड़ा तमिलनाडु विधानसभा चुनाव का है, जहां 2021 में कांग्रेस और डीएमके साथ लड़े थे तो भाजपा और अन्ना डीएमके साथ मिल कर लड़े थे। चूंकि अन्ना डीएमके के खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी थी तो वह हार रही थी, जिसका नुकसान भाजपा को भी हुआ। भाजपा गठबंधन में 20 सीटों पर लड़ी थी और उसे 2.62 फीसदी वोट मिले थे। दूसरी ओर जीतने वाले पक्ष के यानी डीएमके के साथ कांग्रेस 25 सीटों पर लड़ी थी फिर भी उसे सिर्फ 4.27 फीसदी वोट मिले। ऐसे ही आंध्र प्रदेश में कांग्रेस 174 सीट पर लड़ी थी और उसे सिर्फ 1.17 फीसदी वोट मिले थे, जबकि भाजपा 173 सीटों पर लड़ी थी और उसे 0.84 फीसदी वोट मिले थे। वहां भी दोनों के वोट में ज्यादा अंतर नहीं था। इन आंकड़ों के हिसाब से देखें तो दक्षिण भारत में कांग्रेस और भाजपा लगभग बराबर की हैसियत वाली पार्टियां हैं। लोकसभा चुनाव में भी दोनों के वोट शेयर में ज्यादा फर्क नहीं है।

इसके बावजूद उत्तर और दक्षिण के विभाजन का विमर्श खड़ा करने का आधार यह है कि दो राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन गई है। लेकिन यह वैचारिक विमर्श का मजबूत आधार नहीं है क्योंकि इन दो में से एक राज्य में थोड़े दिन पहले तक भाजपा की सरकार थी। अगले चुनाव में एक बार फिर स्थिति बदल सकती है। भाजपा को एक झटका तमिलनाडु में इस बात से लगा कि उसकी सहयोगी अन्ना डीएमके ने उससे तालमेल खत्म कर लिया। लेकिन उसके तुरंत बाद कर्नाटक में भाजपा को जेडीएस के रुप में एक नई सहयोगी पार्टी मिल गई। आंध्र प्रदेश में भाजपा को तय करना है कि वह क्या करे। पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ उसका तालमेल हो गया है और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के साथ भी तालमेल का फैसला उसने खुद रोका है। इसका मतलब है कि दक्षिण भारत की पार्टियों में भाजपा अछूत नहीं है। सो, चाहे वोट प्रतिशत की बात हो, राजनीतिक एजेंडे की बात हो या सहयोगी पार्टियों की बात हो, हर पैमाने पर दक्षिण भारत में भाजपा उतनी ही मजबूती से खड़ी है, जितनी मजबूती से कांग्रेस खड़ी है। भाजपा अब वास्तविक अर्थों में पूरे देश की पार्टी हो गई है। पूर्वोत्तर के मिजोरम जैसे राज्य में उसे दो सीटें मिली हैं, जहां कांग्रेस एक सीट पर सिमट गई। दो बड़े पूर्वी राज्यों- पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है, जबकि कांग्रेस दो-चार सीटों पर सिमट गई है। जिस तरह से यह नैरेटिव गलत है कि भाजपा दक्षिण भारत की पार्टी नहीं है वैसे ही यह भी गलत है कि उत्तर भारत से कांग्रेस का बोरिया बिस्तर बंध गया है। उत्तर में कांग्रेस अब भी बड़ी ताकत है। जिन तीन राज्यों में इस साल के चुनाव में वह हारी है वहां भी उसे 40 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिला है और वह मजबूत विपक्षी पार्टी बनी है। हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार है तो हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में वह मुख्य विपक्षी पार्टी है।

-अजीत द्विवेदी-

# पूरे विश्व को मानना होगा एक होता है परिवार



संजीव ठाकुर
रायपुर
छत्तीसगढ़

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है।

आज भी दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं।

जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं।



वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की।

बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो। हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरुआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके।

नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं।

आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण बना हुआ है। कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। तीसरे विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। लोग एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। जरा जरा सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है। ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है। इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी।

# रात 12 बजते ही लोगों ने आतिशबाजी के साथ किया नए वर्ष 2024 का स्वागत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

साल 2023 को अलविदा कह नए साल 2024 का जश्न मनाने का दौर शुरू हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। नए साल के स्वागत के लिए युवाओं-बच्चों में खासा उत्साह है। साल 2023 के अंतिम दिन पिकनिक स्पॉट्स पर लोगों की भीड़ उमड़ी, यहां उन्होंने जमकर मस्ती की।

आलम यह रहा कि 31 दिसंबर की रात 12 बजे के बाद से शुरू हुआ सेलिब्रेशन यही वजह है कि ज्यादातर लोग इसका सेलिब्रेशन सुबह तक जारी रहा। वहीं पिकनिक की बात करें तो पिछले कई दिनों से ही जिले के ट्यूरिस्ट स्पॉट में जमकर सैलानी उमड़े। नए साल की पहली तारीख यानी सोमवार को भी जमकर भीड़ रहेगी। इसके लिए पुलिस की टीम तैयारी कर रखी है। बीते वर्ष 2023 को विदा कर वर्ष 2024 के स्वागत को लेकर शहर से लेकर गांव तक लोग अपने-अपने तरीके से जश्न में डूबे हुए हैं। साल के आखिरी दिन पिकनिक स्पॉट्स पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। वहीं शहर में भी युवाओं ने केक काटकर व अन्य कार्यक्रमों के जरिए नए साल का स्वागत पूरे उत्साह के साथ किया। साल के आखिरी दिन जैसे-जैसे शाम ढलती गई, लोगों का उत्साह बढ़ता ही गया। विशेषकर युवा नए साल के स्वागत में अपनी ही धुन में नजर आए। वहीं नए वर्ष पर सरगुजा पुलिस भी पूरी तरह से तैयार है। किसी प्रकार को कोई व्यावधान उत्पन्न न हो इसके लिए शहर के 17 स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। जहां पुलिस बल तैनात रहेगी। सोमवार को नए साल के पहले दिन गार्डन्स के साथ ही मंदिरों में भीड़ रहेगी। लोग अपने दिन की शुरुआत देव दर्शन के साथ करेंगे। इससे शहर के महामाया मंदिर, देवी मंदिर, साई मंदिर में लोग दर्शन करने पहुंचेंगे। वहीं मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद व ईसाई समाज के लोग गिरजाघरों में प्रार्थना कर नए साल की शुरूआत करेंगे। इसके बाद पार्टी और पिकनिक का दौर चलेगा। वहीं शहर के गार्डन, पार्क, पिकनिक स्थलों पर भीड़ रहेगी। लोग परिवार के साथ नए साल के पहले दिन को खास बनाने जश्न मनाएंगे।




### इन स्थानों पर रहेगी पिकनिक की भीड़

मैनपाट में नए साल के स्वागत का जश्न 25 दिसंबर से ही शुरू हो गया है। लोग यहां परिवार के साथ पिकनिक मनाने व घूमने आ रहे हैं। मैनपाट के टाइगर प्वाइंट, उल्टा पानी, जलजली, मेहता प्वाइंट, परपटिया सनसेट, बूढ़ानाग सहित अन्य स्थानों पर नए साल के पहले दिन भीड़ रहेगी। इसके अलावा सरगुजा संभाग के अमृतधारा, रकसगंडा, सारासोर, कुमेली घाट, घुनघुट्टा, कुंवरपुर डेम, तातापानी, चेंद्रा जलप्रपात सहित अन्य पिकनिक स्पॉट्स पर लोग पहुंच रहे हैं।

### दुर्घटना से बचने दी जा रही समझाइश

नए वर्ष 2024 का स्वागत के लिए लोग काफी उत्साह हैं। उत्साह के दौरान किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं। एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर जगह-जगह सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं शहर के हर चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है और लोगों को समझाइश दी जा रही है कि नए वर्ष में वाहनों का प्रयोग सतर्कता के साथ करें जिससे की दुर्घटना से बचा जा सके।

## अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर स्थित शनिवार की रात मानव ढ़ाबा के पास अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परमानंद राजवाड़े पिता पुरनचंद राजवाड़े उम्र 22 वर्ष जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम लटोरी का रहने वाला था। वह शनिवार की रात को किसी काम से बाइक से मानव ढ़ाबा की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में बनारस रोड की ओर आ रहा अज्ञात बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में परमानंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।




## स्वयं सेवकों ने शिविर लगाकर ग्रामीणों को किया जागरुक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई द्वारा ग्राम परसोडी खुर्द में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला,राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय समन्वयक सह जिला संगठक डॉ. एस एन पांडे,प्राचार्य प्रो.विनय कुमार सनमानी, प्रो.संदीप कुशवाहा द्वारा किया गया। ग्राम परसोड़ी खुर्द ग्राम सरपंच अरविंद राम मिजं, माध्यमिक शाला परसोडी खुर्द के प्रधान पाठक महेंद्र कुमार यादव, शा.प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक जहरु राम पैकरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सबसे पहले ग्रामीणों के जागरूकता हेतु गली, पारा एवं मोहल्लें में प्रभात फेरी किया गया। स्वयंसेवकों ने समाज में युवाओं की भूमिका को बताते हुए एवं गांव में अनेक प्रकार की कुरीतियों को देखते हुए जैसे नशा मुक्ति,साक्षरता,स्वच्छता ,बाल श्रम,बाल विवाह, महिला-उत्पीडन,दहेज प्रथा,बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी बातों पर गांव में काम किया।

## शहर के समीप लालमाटी के जंगल में पहुंचा 27 हाथियों का दल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से विचरण कर रहे 27 हाथियों का दल जिला मुख्यालय अंबिकापुर से लगे लालमाटी के जंगल में पहुंच गया है। लालमाटी व अंबिकापुर शहर की दूरी मात्र 10-12 किमी है। शहर के नजदीक हाथियों के पहुंच जाने से शहर व आस पास के ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल है। शहर के नजदीक बड़ी संख्या में हाथियों के आ जाने से वन और पुलिस विभाग द्वारा लोगों को सतर्क किया जा रहा है। वहीं अब तक हाथियों ने किसी पर हमला नहीं किया है। केवल रास्ते में फसल व कुछ ग्रामीणों का घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथी शहर की ओर न प्रवेश करें इसे लेकर भी कवायदें तेज हो गई है।

27 हाथियों का दल एक सप्ताह पूर्व धौरपुर वन परिक्षेत्र में प्रवेश किया था। धौरपुर के डडग़ांव जंगल में कई दिनों तक रहने के बाद हाथियों का यह दल शुक्रवार की सुबह से ही चेन्द्रा रनघाघ पहुंचा था। शाम को हाथियों का यह दल बांकी डेम के नजदीक पहुंच गया था। इसके बाद यह दल ग्राम बांसा की ओर चला गया था। बांसा की ओर से हाथी निकल रहे थे कि वहां के ग्रामीणों ने हाथियों का रास्ता रोक दिया और उन्हें दूसरी ओर खदेडने़ लगे। इससे नाराज हाथियों का दल वापस ग्राम बांसा आ गया और ग्राम में 4-5 ग्रामीणों के घर को तोड़ दिया। हाथियों के दल ने अब तक लुन्ड्रा वन परिक्षेत्र में कई एकड़ फसलों को भी नुकसान पहुंचाने के बाद शनिवार की दूर रात अंबिकापुर से लगे रायगढ़ मार्ग पर स्थित लालमाटी में पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के शहर के समीप पहुंचने से लोगों में दहशत है। अंबिकापुर रेंजर निखिल पैकरा ने बताया कि 27 हाथियों का दल रविवार की अहले सुबह गंझाडांड़ होते हुए लालमाटी स्थित बधुयांचुआ जंगल में पहुंच गए हैं। हाथियों ने अब तक किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। दोपहर में हाथियों ने ग्राम बोदार के जंगल में बैठे रहे। शहर के नजदीक बड़ी संख्या में जंगली हाथियों के आ जाने से वन और पुलिस विभाग द्वारा लोगों को सतर्क भी किया जा रहा है। वहीं अंबिकापुर व लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र के अमला निगरानी बनाए हुए है।

## मौसम कार्यालय अम्बिकापुर की वर्ष 2023 की उपलब्धियां

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मौसम वेधशाला आजादी वर्ष पूर्व से नगर में अस्तित्व है। आजादी के बाद सन 1982 तक स्थानीय प्रशासन के साथ सम्बद्ध रहा तथा सन 1982 में केंद्र सरकार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अधिग्रहण के बाद पिछले 40 वर्षों तक स्थानीय विश्राम गृह में संचालित होता रहा। वर्ष 2023 में अम्बिकापुर मौसम वेधशाला को अपना विभागीय परिसर और भवन प्राप्त हुआ। वर्तमान में मौसम कार्यालय अम्बिकापुर हवाई अड्डा मार्ग पर कतकालो में अपने भवन से संचालित हो रहा है।



वर्ष 2023 में वेधशाला का उन्नयन हुआ, पर्याप्त और उपयुक्त स्थल की प्राप्ति से अब यहां नवीन उपकरणों की स्थापना की जा रही है। भविष्य में 2024 में अम्बिकापुर वेधशाला आरएसआर नामक उपकरण से संयुक्त हो जाएगा जिससे हमें सतह के मौसम तत्वों के साथ-साथ ऊपरी वायु के घटक मौसमी तत्वों की भी माकूल जानकारी मिलने लगेगी। वर्ष 2023 में अम्बिकापुर मौसम कार्यालय, हवाई सेवाओं के लिए अत्यावश्यक मौसम जानकारियां, हवाई अड्डा परिसर में अपने कार्यालय में स्थापित उपकरणों से प्रदान करने में सफल हुआ है। वर्ष 2023 में अम्बिकापुर के दीर्घावधि मौसमी आंकड़ों का विश्लेषण कार्यालय में पदस्थ एएम भट्ट, मौसम विज्ञानी- बी द्वारा प्रादेशिक मौसम केंद्र नागपुर के उप महानिदेशक एमएल साहू के दिशा निर्देशन में किया गया तथा इसे प्रादेशिक मौसम केंद्र नागपुर द्वारा प्रकाशित किया गया। वर्ष 2023 में सरगुजा संभाग के सभी जिलों में पार्ट टाइम मौसम वेधशाला की स्थापना एवं नवीन स्वचालित मौसम उपकरण की स्थापना की पहल प्रारम्भ की जा चुकी है। स्थानीय प्रशासन से भूखण्ड की स्वीकृति के साथ ही वर्ष 2024 में सम्पूर्ण संभाग से मौसमी आंकड़ों की जानकारी प्राप्त हो सकने की उम्मीदें रहेंगी जिससे मौसम की भविष्यवाणी में सफलता की प्रायिकता बढ़ेगी और व्यापार, वाणिज्य, कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य आदि में इसका लाभ पहुंच सकेगा।

# बरपारा में आयोजित वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता में डेडरी विजयी



- संवाददाता -
सूरजपुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिला वालीबाल एसोसियेशन द्वारा जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम बरपारा स्कूल ग्राउन्ड में ग्राम डेडरी व बरपारा के सिनियर बालिका वॉलीबाल खिलाड़ियों के बीच वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम डेडरी की टीम विजयी रही। इस अवसर पर जिला वालीबाल संघ अध्यक्ष अजय गोयल ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाये दी गई। इस खेल में बालिकाओं के आगे बढ़ने की बहुत संभावनायें है, इसके लिये वॉलीबाल संघ की ओर से हरसंभव मदद करने की बात कही गई। जिला सचिव रामश्रृंगार यादव उप पुलिस अधीक्षक, जिला कोषाध्यक्ष राजनाथ गुप्ता के द्वारा खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु बधाई दी गई। वॉलीबाल संघ की ओर से खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु वालीबाल भेंट किया गया। जैन स्पोर्टस विश्रामपुर के द्वारा वॉलीबाल खिलाड़ियों हेतु खेल कीट प्रदान किया गया था, जिसे संघ पदाधिकारियों की उपस्थिति में वितरण किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.एन. दास गुप्ता, रैफरी दिनेश साहू, संघ पदाधिकारी डी राम, मोती राम, ओमप्रकाश यादव, धर्मपाल रजक, बुधराम राजवाड़े,, राम यादव सहित क्षेत्र के लोगों के द्वारा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## ट्रेन के नीचे पटरी पर लेट गया शराबी युवक,परिचालक के सूझबूझ से बची जान



- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में एक शराबी युवक के अंबिकापुर-शहडोल ट्रेन के नीचे आ जाने से हडक़ंप मच गया। युवक ट्रेन की पटरी पर लेट गया था, रेलवे कर्मियों व आरपीएफ के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला गया। उसे चोट आने पर मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। यह घटना शनिवार की रात 8.10 बजे हुई। स्टेशन मास्टर राकेश रंजन ने बताया कि ट्रेन परिचालक संतोष कुमार सिंह ने दूर से ही देख लिया था कि एक युवक पटरी पर लेटा हुआ है, उसने सूझबूझ से ट्रेन रोक युवक की जान बचाई । युवक के लिए परिचालक संतोष कुमार सिंह देवदूत बना, घायल को अस्पताल में उपचार जारी है।

## कांग्रेस पार्षद की मौत,पत्नी सहित कार सवार तीन घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

रविवार तड़के घने कोहरे की वजह से बगीचा मार्ग पर ग्राम बीमडा के समीप कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने पर वाहन सवार पार्षद की मौत हो गई। वही कार में सवार उनकी पत्नी सहित 3 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज अंबिकापुर मेडिकल कालेज में जारी है।



मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के विश्रामपुर नगर पंचायत के पार्षद व कांग्रेस नेता गंगाराम रवि आज सुबह अपने परिवार के साथ जशपुर की ओर जा रहे थे। बगीचा मार्ग में घने कोहरे की वजह से ग्राम बीमडा के समीप कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में पार्षद की मौत हो गई, जबकि कार में सवार पत्नी समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सुशासन दिवस से शुरू हुए स्वच्छता अभियान का असर

## चौक-चौराहे,तालाब,बाजार की बदली तस्वीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर पर प्रतिवर्ष की भांति इस इस वर्ष भी पूरे देश में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके साथ ही सभी नगरीय क्षेत्रों सहित ग्राम पंचायत क्षेत्रों में एक सप्ताह तक सघन स्वच्छता अभियान की भी शुरुआत की गई।


स्वच्छता अभियान की शुरुआत से ही जिलेभर में प्रतिदिन अनेक स्थलों की सफाई की गई। स्वच्छता अभियान अंतर्गत नगर निगम अंबिकापुर के शहरी क्षेत्रों, बाजारों, वार्डों, तालाबों, चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छता अभियान के तहत लोगों ने स्वच्छता में योगदान देने बढ़चढ़ कर पूरे सप्ताह हिस्सा लिया और श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के महत्व को बताने के साथ ही जागरूक भी किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत विद्यायल, महाविद्यालयों में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने साफ-सफ़ाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।वहीं जनप्रतिधियों, आमजनों, अधिकारियों द्वारा भी श्रमदान किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतिम दिन रविवार को नगर निगम अंबिकापुर के मैरीन ड्राइव तालाब एवं मरीन ड्राइव बाजार में सफाई अभियान आयोजित किया गया। इसके साथ ही अन्य स्थलों की भी सफाई की गई।



## पिकनिक मनाकर लौट रहे युवक की सडक़ हादसे में मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के राजापुर में शनिवार की शाम को अनियंत्रित पिकअप सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में पिकअप सवार 10 लोग घायल हो गए। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेष का इलाज सूरजपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। सभी कुमेली जलप्रताप से पिकअनिक मनाकर लौट रहे थे।




जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र मरावी पिता धन साय मरावी उम्र 18 वर्ष सूरजपुर जिले के ग्राम केतका का रहनेर वाला था। वह शनिवार को अन्य लोगों के साथ कुमेली जलप्रताप पिकनिक मनाने गया था। वहां से शाम को पिकअप में दस लोग सवार होकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर के पास वाहन अनियंत्रित हो गया और सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराया। दुर्घटना में सभी घायल हो गए। स्थानीय पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां शैलेन्द्र की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने शैलेन्द्र को मृत घोषित कर दिया।

# वे लड़ना जानती हैं,इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी चुनी गईं मैन ऑफ द ईयर,हो गया विवाद

**नई दिल्ली,31 दिसम्बर 2023।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को इटली के एक अखबार ने मैन ऑफ द ईयर चुना है। हालांकि इस पर विवाद भी शुरू हो गया है। कई महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और संगठनों ने इसे पुरुष सत्तात्मक सोच से जोड़ दिया है। उनका कहना है कि जॉर्जिया मेलोनी को अपनी ताकत दिखाने के लिए पुरुष कहे जाने की जरूरत नहीं है।



### जॉर्जिया मेलोनी की तारीफ में ये लिखा गया

इटली के मिलान से प्रकाशित होने वाले अखबार लिबेरो क्वांटिडियानो ने इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी (46 वर्षीय) की तारीफ करते हुए उन्हें मैन ऑफ द ईयर बताया है। जॉर्जिया मेलोनी की तारीफ में अखबार ने अपने लेख में लिखा कि युद्ध के इस समय में, हमने ऐसी नेता को चुना है, जिसने दिखाया है कि वह लड़ाई लड़ना जानती हैं। अखबार लिखता है कि लिबेरो के लिए जॉर्जिया मेलोनी मैन ऑफ द ईयर हैं क्योंकि उन्होंने अलग सोच अपनाकर लिंग को लेकर चल रही लड़ाई जीती। उन्होंने पुरुषों के अहंकार को तोड़ा और महिलाओं की पराजयवाद की भावना को भी खत्म किया। उन्होंने ना सिर्फ कांच की छत को तोड़ा बल्कि उसे हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। लिबेरो क्वोटिडियानो एक दक्षिणपंथी विचारधारा वाला अखबार है। वहीं पीएम जॉर्जिया मेलोनी भी दक्षिणपंथी नेता मानी जाती हैं।

### जॉर्जिया मेलोनी को मैन ऑफ द ईयर चुने जाने पर हुआ विवाद

जॉर्जिया मेलोनी को मैन ऑफ द ईयर चुने जाने पर विवाद भी हो रहा है। कई विपक्षी नेताओं और महिला अधिकार संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई है। इटली की सेंटर लेफ्ट डेमोक्रेटिक पार्टी की सचिव एली सलेन का कहना है कि अब एक दक्षिणपंथी अखबार हमें बता रहा है कि राजनीति और सत्ता सिर्फ पुरुषों के लिए है। मुझे लगता है कि यह आत्मसमर्पण जैसा है। इटली की एक अन्य विपक्षी नेता का कहना है कि यह पुरुष सत्ता की पुष्टि है।

जॉर्जिया मेलोनी अक्तूबर 2022 में इटली की प्रधानमंत्री चुनी गई थी। वह दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली की नेता हैं। यह पार्टी पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों की समर्थक है और अप्रवासियों के खिलाफ है। साथ ही यह पार्टी गर्भपात, समलैंगिक विवाह के भी खिलाफ है।

# भारी बारिश से ट्रेन की सुरंगों में भरा पानी, रेल सेवा रद्द होने से यूरोप आने-जाने वाले हजारों फंसे

**लंदन,31 दिसम्बर 2023।** रेलवे सुरंगों में पानी भरने से ब्रिटेन-यूरोप के बीच चलने वाली यूरोस्टार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। नए साल के एक दिन पहले लंदन से पेरिस, ब्रुसेल्स और एम्स्टर्डम जाने वाली यात्राएं बाधित हो गई हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि लंदन के पास ट्रैक में पानी आने से अस्थायी रूप में इन्हें बंद कर दिया गया है। दक्षिणी इंग्लैंड के केंट में एब्सफ्लीट इंटरनेशनल स्टेशन के पास रेलवे टनल ने बाढ़ जैसी स्थिति बन गई हैं। इस दौरान स्टेशन में कई यात्रियों की भीड़ इकट्ठा हो गई है।

### भारी बारिश के चलते कई ट्रेन रद्द

यूरोप जाने वाली यूरोस्टार के अतिरिक्त यूके ट्रेन ऑपरेटर साउथवेस्टर्न रेलवे ने भी लंदन के सेंट पैनक्रास इंटरनेशनल स्टेशन से अपनी हाई स्पीड सेवाओं को रद्द करने की घोषणा की है। ब्रिटेन के मौसम कार्यालय ने शनिवार को कई क्षेत्रों के लिए %येलो अलर्ट% जारी की है। दक्षिण ब्रिटेन में और वेल्स में पूर्व की ओर बढ़ने की उम्मीद है। संभावना जताई जा रही हैं कि जिसके कारण यात्रा में बाधाएं और सेवाओं रोकी जा सकती हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी बयान में कहा गया कि भारी बारिश और तेज हवाओं के दौरान पूरे वेल्स में बारिश का अनुमान जताया गया हैं। वहीं स्कॉटलैंड के ज्यादातर हिस्से में बारिश और बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने शनिवार को ओलावृष्टि, बर्फबारी, बारिश की चेतावनी भी जारी हैं।



### ट्रेन रद्द होने से यात्री परेशान

शनिवार को भीड़भाड़ वाले सेंट पैनक्रास में यात्री सूटकेस पर बैठकर वैकल्पिक मार्ग खोजने की कोशिश कर रहे हैं। सिडनी की 25 वर्षीय क्रिस्टीना डेविड और 26 वर्षीय जॉर्जीना बेन्यामिन ने तीन सप्ताह के बजट पर यूरोप भर में यात्रा करने के बाद अपनी ट्रेन रद्द कर दी। उन्हें उम्मीद थी कि वह नए साल पर अपने सहयोगियों के साथ जश्न मनाएंगे। बेन्यामिन ने कहा कि वह पेरिस को रोशनी से जगमगाता देखना चाहती थीं, लेकिन अब वह निराश महसूस कर रही हैं।

# आम चुनाव के लिए बांग्लादेश में सुरक्षा चाक-चौबंद, 1.89 लाख पुलिसकर्मी तैनात,निष्पक्ष मतदान पर जोर

**ढाका,31 दिसम्बर 2023।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आगामी आम चुनाव को लेकर राजनीति दलों ने कमर कस ली हैं। सत्तारूढ़ समेत तमाम राजनीतिक दल लगातार लोगों को रिझाने के लिए सभा, रैलियां कर रहे हैं। इसी बीच, मतदान से पहले पूरे बांग्लादेश में 1.89 लाख से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। विपक्षी दल बीएनपी के बहिष्कार के बीच होने वाले आम चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि वर्तमान में देश के पुलिस बल में सिविल स्टाफ सहित लगभग 2.13 लाख कर्मचारी हैं।



### निष्पक्ष चुनाव के लिए तैनात पुलिसकर्मीःहुसैना

पुलिस मख्यालय में उप माहनिरीक्षक (ऑपरेशन) अनवर हुसैन ने कहा कि पूरे बांग्लादेश में कुल 1.89 लाख पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया हैं, जो मतदान के दिन मजिस्ट्रेटों के साथ चुनाव ड्यूटी पर रहेंगे। इसके अलावा पुलिस कर्मियों स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए क्षेत्रों में गश्त भी लगाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तकरीबन 1.74 लाख पुलिसकर्मी बिना किसी छुट्टी के ड्यूटी पर रहेंगे, जबकि अन्य पुलिसकर्मी नियमित रुप से काम में लगेंगे।

### विपक्षी दल बीएनपी का चुनाव बहिष्कार

बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी द्वारा चुनाव बहिष्कार के चलते देशव्यापी हड़तालें, परिवहन नाकेबंदी का बीच-बीच में आह्वान किया जाता हैं। बीएनपी के मुताबिक, वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना के रहते कभी भी देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं किए जा सकते हैं। पिछले दो माह में राजनीतिक हिंसा में 11 लोगों की मौत हो चुकी हैं और 386 वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया हैं। राजनीतिक हिंसा में पुलिस ने कई विपक्षी कार्यकर्ताओं और हस्तियों को गिरफ्तार किया हैं, जिनमें बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरूल इस्लाम आलमगीर शामिल हैं।

### अर्धसैनिक सीमा रक्षक की 1151 प्लाटून भी तैनात

बीएनपी लोगों से लगातार सरकार के खिलाफ सविनय अवज्ञा करने का आह्वान कर रही हैं। साथ ही लोगों से करों और उपयोगिता बिलों का भुगतान न करने का आग्रह किया गया हैं। गौरतलब हैं कि बीएनपी ने 2014 के चुनाव का बहिष्कार किया था, लेकिन 2018 के आम चुनाव में बीएनपी ने भाग लिया था। शुक्रवार को बांग्लादेश ने देशभर में अर्धसैनिक सीमा रक्षकों की 1,151 प्लाटून तैनात की हैं।

# ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का 75 वर्ष की आयु में निधन,ऑस्कर के लिए 2 बार हुए थे नामांकित

**वाशिंगटन,31 दिसंबर 2023।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का शनिवार को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। टॉप के परिवार ने इस बारे में यह जानकारी दी है। टॉम को दो बार ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया है। वह द फुल मोंटी, माइकल क्लेटन और द बेस्ट एक्सोटिक मैरीगोल्ड होटल में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं।



परिवार की ओर से साझा किए गए एक बयान में कहा गया है कि विल्किंसन की घर पर मृत्यु हो गई। बयान में अधिक जानकारी साझा नहीं की गयी है। विल्किंसन को 2001 में पारिवारिक ड्रामा इन द बेडरूम में उनके काम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में एकेडमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था और 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म माइकल क्लेटन में उनकी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था।

विल्किंसन को द फुल मोंटी में पूर्व स्टील मिल फोरमैन गेराल्ड कूपर की भूमिका के लिए काफी प्रशंसा मिली। इसकी कहानी बेरोजगार स्टील श्रमिकों के एक समूह पर आधारित थी। टॉम को अक्सर अमेरिकी राजनीतिक हस्तियों की भूमिका निभाने के लिए चुना जाता था। उन्हें राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के पिता के किरदार के लिए द केनेडीज में एमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। वहीं, जॉन एडम्स में बेंजामिन फैंकलिन के किरदार के लिए उन्हें पुरस्कार से नवाजा गया था।

# दो दिसंबर को भारतीय श्रमिक की मौत मामले में परिवार ने उठाया सवाल,हादसे पर अधिकारियों से मांगा जवाब

**सिंगापुर,31 दिसम्बर 2023।** सिंगापुर में 23 वर्षीय भारतीय श्रमिक की मौत को लेकर परिवार ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। दिसंबर माह की शुरुआत में काम के दौरान हुए हादसे में 23 वर्षीय भारतीय श्रमिक की मौत की परिस्थितियों पर परिवार ने अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा हैं। गौरतलब हैं कि पोनरामन एझुमलाई, सिंगापुर में कंक्रीट पंप सहायक के तौर पर केवल आठ माह से काम कर रहा था, लेकिन दो दिसंबर को कंक्रीट पंप ट्रके चेसिस और पीछे हटने वाले आउटरिगर के बीच फंसने से पोनरामन की मौत हो गई थी। सिंगापुर के जनशक्ति मंत्रालय के मुताबिक, यह हादसा दो दिसंबर की रात लगभग 11:20 बजे हुई थी। भारत से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने वाले पोनरामन एझुमलाई अपने परिवार में अकेले कमाने वाले थे।



### परिवार ने मौत पर उठाए सवाल

मृतक के परिवार के सदस्यों को घटना की जानकारी दी गई थी। परिवार का आरोप हैं कि सरकारी अधिकारियों ने उन्हें यह नहीं बताया कि आखिर उसे कौन सी चोटें आई थी। गौरतलब हैं कि मृतक पोनरामन के दो चाचा सिंगापुर में ही कार्यरत हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया कि घटना के बाद से परिवार ने हादसे को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्हें उम्मीद हैं कि अधिकारी इन सवालों पर गौर करेंगे। परिवार ने कहा कि हादसे से महज 10 मिनट की दूरी पर एनजी टेंग फोन जनरल अस्पताल था।

### समय पर नहीं बुलाई गई एम्बुलेंसःपरिवार

परिवार ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद स्थानीय कर्मचारियों ने एम्बुलेंस क्यों नहीं बुलाई, उसे नजदीकी अस्पताल में आखिर क्यों नहीं भर्ती कराया गया था। परिवार के सदस्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उसे समय पर अस्पताल में भर्ती करवा देते तो उसकी जान बच सकती थी। वहीं सिंगापुर में कार्यरत चाचाओं ने कहा कि उन्हें रात सूचित किया गया था, उन्हें लगा कि गंभीर चोट नहीं होगी। 24 घंटे से भी कम समय में उनके भतीजे की मौत हो गई, तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ।

### हादसे को लेकर दुखी-एलटीए

मौत पर गंभीर सवालों पर एमओएम ने कहा कि सामान्य सुरक्षा उपाय के तौर पर श्रमिकों को निर्माण उपकरण और मशीनरी जैसे कंक्रीट पंप ट्रक और मोबाइल क्रेन से उचित दूरी बनाए रखनी चाहिए, जब वे संचालन में हों। टेंगा डिपो परियोजना के विकासकर्ता भूमि परिवहन प्राधिकरण (एलटीए) ने कहा कि वह इस घातक हादसे से दुखी हैं।



# बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़,पांच आतंकी ढेर,हथियारों का मिला जखीरा

**कराची, 31 दिसम्बर 2023।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक मुठभेड़ में पांच आतंकवादी को मौत के घाट उतार दिया गया है। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी हैं। सेना ने बताया कि बीती रात को एक खुफिया ऑपरेशन के दौरान जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें पांच आंतकियों को मौत के घाट उतार दिया गया हैं।

**पाकिस्तानी सेना ने पकड़ा हथियारों का जखीरा**-सेना के मुताबिक, आतंकवादियों के ठिकानों से कई हथियार, गोला बारूद और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया हैं। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि आतंकवादियों के खात्मे के लिए देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। पाकिस्तान की सेना ने बयान में कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल राष्ट्र के साथ कदम मिलाकर बलूचिस्तान की शांति, स्थिरता और प्रगति को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**पाकिस्तान में लगातार बढ़ रही हैं आतंकी घटनाएं**-गौरतलब हैं कि पाकिस्तान में हाल के महीनों में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आंतकी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई हैं। एक दिन पहले सेना ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में एक ऑपरेशन के दौरान पांच आंतकियों को मौत के घाट उतारा गया हैं। दिसंबर माह के शुरुआत में एक ही दिन में दो अलग-अलग आतंकी घटनाओं में 25 पाकिस्तानी जवानों की मौत हो गई थी, जिसमें डेरा इस्माइल खान में एक आंतकवादी हमला भी शामिल था। इस साल आतंवादी हमलों में सेना में एक दिन में मरने वालों की यह सबसे बड़ी सख्या थी।

# बस के स्लीपर कोच में मिली युवक की लास,फैली सनसनी




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतरराज्यीय बस स्टैंड में एक युवक का शव बस के स्लीपर कोच में मिलने से सनसनी फैल गई.। आपको बता दे की रायगढ़ से अंबिकापुर चलने वाली बस अंबिका सुबह अंबिकापुर के लिए निकली हुई थी. इस दौरान अभय नामक युवक अंबिकापुर के लिए टिकट काटकर रायगढ़ से बैठा था।. लेकिन जब युवक अंबिकापुर पहुंचा तो स्लीपर सीट पर युवक का मृत शरीर पाया गया। बताया जा रहा है कि युवक रायगढ़ से ठीक-ठाक हालत में बस में चढ़ा था। इसके बाद अंबिकापुर पहुंचने के बाद सभी सवारी अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर उतर गए। लेकिन कुछ देर बाद भी युवक नहीं उतरा तो बस के क्लीनर ने जाकर उठाने का प्रयास किया तो पता चला कि युवक की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद बस स्टैंड में मौजूद लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस में शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है साथ ही आधार कार्ड के अनुसार युवक की पहचान कर ली गई है और उनके परिजनों की खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सेवा निवृत्त हुए एसआई ए.आर.मानिकपुरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने किया सम्मानित

## एसआई ने 41 वर्ष 9 माह तक दी विभाग में अपनी सेवाएं

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

पुलिस विभाग में पदस्थ वर्तमान थाना प्रभारी रमकोला एसआई ए.आर.मानिकपुरी ने 41 वर्ष 9 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 31 दिसम्बर 2023 को सेवा निवृत्त हुये। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई.कल्याण एलिसेला के मार्गदर्शन में जिला पुलिस कार्यालय में एक सादे समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल सहित पुलिस अधिकारियों ने एसआई ए.आर.मानिकपुरी को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए अधिकारी के परिजन भी मौजूद रहे।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने कहा कि विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे एसआई श्री मानिकपुरी ने पुलिस विभाग में लम्बी अवधि तक अपनी सेवाएं दी है इस दौरान रायपुर,सरगुजा,कोरिया व सूरजपुर जिले में बेहतर कार्य सम्पादित किए और सदैव अपने कार्यो के प्रति जवाबदेह रहे, कर्तव्यों का निर्वहन उत्कृष्ट तरीके से करते हुए लोगों की सेवा की।





पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे एसआई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने साल,श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में सेवानिवृत्त हुए एसआई ए.आर.मानिकपुरी ने पुलिस विभाग में दी गई अपनी सेवा के अनुभवों के बारे में बताया। इस दौरान डीएसपी नंदिनी ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# क्या भाजपा की सरकार में कांग्रेस समर्थित कोयले का कारोबार करने वाले भाजपाइयों के साथ मिलकर करेंगे कोयले का काला कारोबार?



## नए वर्ष 2024 से कोयले के काले कारोबार की शुरुआत करने के लिए हो रही बैठक:सूत्र

## भाजपा समर्थित कोयला कारोबारियों को आगे कर पीछे से कांग्रेस समर्थित करेंगे कारोबार:सूत्र

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/ एमसीबी 31 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 संपन्न होने के बाद प्रदेश की सत्ता में भाजपा ने अपना कब्जा जमाया वहीं कांग्रेस को विपक्ष की भूमिका स्वीकारनी पड़ी,कोरिया एमसीबी जिले में भी कांग्रेस को दोनो जिलों की तीनों विधानसभाओं में हार का सामना करना पड़ा और अब तीनो विधानसभाओं में भी भाजपा के ही विधायक हैं जिनमे से एक कैबिनेट मंत्री भी बनाए गए हैं। प्रदेश सहित कोरिया एमसीबी जिले में भाजपा का परचम जैसे ही लहराया अब सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस पार्टी के सहारे कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े कांग्रेस समर्थित कारोबारी भाजपा समर्थित कोयले के कारोबारियों से संपर्क बना रहे हैं और उनके कंधे पर बंदूक रखकर अब वह काले कारोबार को गति देने की फिराक में हैं। ऐसा नहीं है की कोयले का काला कारोबार भाजपा के पंद्रह सालों के कार्यकाल में नहीं होता देखा गया था,कोयले का कारोबार तब भी होता था लेकिन उसका स्तर जिला तक का स्तर था और इस कारोबार की जड़ें जिले की सीमाओं के बाहर नहीं थीं लेकिन जैसे ही कांग्रेस की सत्ता में पंद्रह वर्ष बाद वापसी हुई थी वैसे ही इस कारोबार को बढ़ावा मिलते देखा गया था और यह कारोबार जिले की सीमाओं को तोड़कर अन्य जिलों यहां तक की अन्य राज्यों तक अपने पैर पसार चुका था। कहने का मतलब जो कोयला पहले जिले के अंदर ही अवैध रूप से ईंट भट्ठों तक बेचा जाता था वह बाहर बेचा जाने लगा था और इस कारोबार को बड़े स्तर पर फैलाव मिला था। अब सत्ता फिर से भाजपा के हांथ में है और कांग्रेस शासनकाल में जो लोग खासकर कांग्रेस समर्थित जो लोग इस कारोबार से जुड़कर इसे बड़े पैमाने पर कर चुके थे उनमें अब छटपटाहट देखी जा रही है क्योंकि उनकी सोच के विपरीत सत्ता परिवर्तन हुआ और उनकी पूरी तैयारी जो इस काले कारोबार को लेकर थी वह धरी रह गई क्योंकि उन्हे कांग्रेस की सत्ता में वापसी की उम्मीद थी जो नहीं हुआ।

### कारोबार में शासकीय विभागों की भी होती है हिस्सेदारी,कई विभागों की अनुमति के लिए लेना होता है सत्ता का सहारा

कोयले का अवैध कारोबार पूंजी निवेश के बिना होता है यह एक सच जरूर है लेकिन इसमें हिस्सेदार कई होते हैं यह जानना भी जरूरी है। इस कारोबार को करने के लिए कई शासकीय विभागों से तालमेल बनाना होता है जिसमे वन, खनिज, पुलिस, सहित एसईसीएल शामिल है। सभी शासकीय विभागों को हिस्सा तो दिया ही जाता है वहीं उनके ऊपर दबाव बनाने के लिए सत्ता का सहारा लेना भी अनिवार्य होता है तब जाकर इस व्यवसाय को निडर होकर किया जा सकता है।

### कांग्रेस शासन काल में जिन लोगों ने कोयले के अवैध कारोबार को जारी किया था बड़े स्तर पर अब वह छटपटाहट में नजर आ रहे हैं

कोयले का काला कारोबार एमसीबी सहित कोरिया जिले में बड़े पैमाने पर होता चला आया है। पिछली सरकार के कार्यकाल में यह कारोबार जिले की सीमाओं को भी लांघ चुका था और इसे अन्य राज्यों तक फैलाव मिला हुआ था। अब फिर से इसे उसी स्तर पर किए जाने की तैयारी हो रही है। पिछले सालों तक इस कारोबार को जो लोग संचालित कर रहे थे वह सत्ता के सहारे यह कारोबार कर रहे थे वहीं उन्हे उम्मीद थी की सत्ता में फिर से पुरानी ही सरकार वापस करेगी और उनका कारोबार फलेगा फूलेगा लेकिन हुआ इसके विपरित सत्ता में भाजपा काबिज हो गई जिसके बाद पुराने कारोबारी अब छटपटाहट में हैं।

### भाजपा समर्थित उन कोयला कारोबारियों के साथ कांग्रेस समर्थित कोयला कारोबारी कर रहे बैठक जिनका था पूर्व में अवैध कोयला कारोबार से नाता

अब सत्ता परिवर्तन होने उपरांत यह देखने को मिल रहा है की विगत वर्षों से जो कोयले का कारोबार करते चले आ रहे थे बड़े स्तर पर जो कांग्रेस समर्थित लोग थे वह अब भाजपा समर्थित उन लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं जो कभी कोयले का अवैध कारोबार किया करते थे। कुल मिलाकर कोयला कारोबारी इस बार भाजपा समर्थित लोगों के कंधे का इस्तेमाल करने की फिराक में हैं इस कारोबार में।

### क्या भाजपा सरकार कोयले के कारोबार को लेकर वही रुख अपनाएगी जो विपक्ष में रहकर उसने निभाया था,क्या होगा यह काला कारोबार बंद?

वैसे कोयले के काले कारोबार से जुड़े लोग जरूर भाजपा के उन लोगों से मुलाकात कर रहे हैं जो पहले कभी कोयले का अवैध कारोबार किया करते थे लेकिन सत्ता में काबिज हुई भाजपा सरकार और स्थानीय विधायकों का क्या रुख रहेगा इसको लेकर यह देखने वाली बात होगी,क्या वह जिस प्रकार विपक्ष में रहते हुए इस कारोबार को लेकर गंभीर हुई थी राष्ट्रीय संपदा की लूट जिस मामले को भाजपा ने कहा था क्या वह खुद की सत्ता में इस कारोबार को होने देने की हरी झंडी देंगे। वैसे मामला भविष्य के गर्भ में है और देखना होगा की क्या भाजपा कोयले के कारोबार को बंद कराती है पूरी तरह या फिर वह इसे होने देती है ।

### क्या भाजपा के बड़े नेता इस कारोबार को संरक्षण देंगे?

अब कांग्रेस समर्थित ऐसे लोग जो कोयले के काले कारोबार से जुड़े हुए थे वह भाजपा के उन लोगों से मुलाकात कर रहे हैं बैठक कर रहे हैं जो पांच साल पहले भाजपा शासनकाल में यह कारोबार छोटे स्तर पर करते थे और उन्हे अब कांग्रेस समर्थित कोयला कारोबारी अपने विश्वास में लेने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि इस कारोबार में सत्ता का संरक्षण अनिवार्य है। वैसे इस कारोबार को गति देने बैठकें जारी हो चुकी हैं जो दोनो जिलों में हो रही हैं कोरिया एमसीबी। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या भाजपा के बड़े नेता इस कारोबार को संरक्षण देते हैं जबकि कोरिया एमसीबी के कोयला के काले कारोबार को लेकर विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने ही हो हल्ला मचाया था यहां तक की तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष ने तो ग्राउंड जीरो पर जाकर विरोध किया था सत्ता और प्रशासन की मिलीभगत की बात कर उन्होंने इस मामले को विधानसभा में भी उठाया था तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार की काफी किरकिरी भी हुई थी वहीं उस समय तत्कालीन सरकार ने इस मामले में कुछ समय के लिए कार्यवाही भी की थी जिसका असर धीरे धीरे जाता रहा था और कारोबार फिर से जारी हो चुका था। अभी फिलहाल नई सरकार के गठन के बाद से ही इस कारोबार में रोक लगी हुई है छोटे स्तर पर भले ही यह कारोबार हो रहा हो लेकिन बड़े स्तर पर अभी यह कारोबार चालू नहीं हो सका है इसको लेकर बैठकें हो रही हैं।

### करोड़ों का है एक विशेष में होने वाला यह कारोबार

कोयले का अवैध कारोबार करोड़ों का कारोबार है। यह एक विशेष मौसम में चलने वाला सीमित समय का कारोबार है जिसमे करोड़ों की आय होती है। यह आय अर्जित करने की हर वर्ष होड़ मचती है। कुल मिलाकर इस काले कारोबार में फायदा ज्यादा है और इसमें निवेश भी न के बराबर है इसलिए इसमें जुड़ने लोगों का तांता लगा रहता है। वैसे इसे सत्ता के संरक्षण में ही संचालित किया जाता रहा है और उसी फिराक में लगे हुए हैं कारोबारी।

# जल्द ही पटना क्षेत्र के युवा आदिवासी नेता छुड़ा सकते हैं कांग्रेस पार्टी के हांथ से अपना हांथ:सूत्र

### कांग्रेस की जारी कार्यकारणी सूची में नहीं मिला स्थान,यह एक वजह बताई जा रही है कांग्रेस से मोहभंग होने की

### कांग्रेस कमेटी कोरिया की जारी कार्यकारणी सूची में उपेक्षा से ले सकते हैं ऐसा निर्णय:सूत्र

### क्या सही मायने में कांग्रेस की जारी कार्यकारणी में नहीं मिली कई कर्मठ कार्यकर्ताओं को तवज्जो?

### क्या पूर्व विधायक ने अपनी खुन्नस निकालने कार्यकारणी को अपने अनुसार किया तय?

### पटना क्षेत्र के युवा आदिवासी कांग्रेस नेता थाम सकते हैं अन्य किसी दल का दामन यह भी मिल रही सूचना

### लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पार्टी के लिए बैकुंठपुर विधानसभा से यह बड़ी क्षति के रूप में दर्ज होने वाली घटना होगी



-रवि सिंह-
कोरिया/ 31 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कांग्रेस कमेटी कोरिया की जारी कार्यकारणी सूची के सार्वजनिक होने के बाद अब सूची में अपना नाम नहीं ढूंढ पा रहे कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के हांथ से अपना हांथ छुड़ाने की सोच रहे हैं ऐसी एक सूचना पटना क्षेत्र से मिल रही है जहां के एक युवा आदिवासी नेता जल्द ही कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहने वाले हैं और किसी अन्य दल का दामन थामने की सोच रहे हैं। बताया जा रहा है की ऐसा करने की पीछे की वजह जारी कार्यकारणी सूची है जिसमे स्थान नहीं मिला उन्हे और उन्हे ब्लॉक कार्यकारणी में जगह देने की बात की जा रही है जिसमे भी उन्हे निचले क्रम का पद मिलेगा ऐसी उन्हे सूचना मिली है इसलिए वह पार्टी से ही दूर जाने का निर्णय लेने वाले हैं। वह अन्य दलों में से किस दल में जायेगें अन्य दल में वह प्रवेश करेंगे भी की नहीं यह अभी उन्होंने तय नहीं किया न ही कहीं संपर्क किया है लेकिन उनका कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहना तय है यह उनकी तरफ से तय कर लिया गया है।

बता दें की विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी पराजय के बाद जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारणी सूची जारी की गई है वहीं जारी सूची के बाद अब अंदर ही अंदर कार्यकर्ताओं में नाराजगी नजर आ रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है की सत्ता का सुख जिन्होंने पांच साल खुद लिया वह अब कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाने का प्रयास कर रहे हैं वहीं उन्हे उपेक्षित कर पार्टी से दुर जाने विवश कर रहे हैं जबकि पराजय वह भी बड़ी पराजय के पीछे का सच यह है की सत्ता का सुख भोगने वालों ने खिसकती जमीन का अंदाजा ही नहीं लगाया और पार्टी को बड़ी हार का मुंह देखना पड़ा जिसकी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं से ज्यादा उनकी है जिनके पास पांच साल सत्ता की कुर्सी थी उपेक्षित उन्हे खुद होना चाहिए जबकि वह कर्मठ कार्यकर्ताओं को उपेक्षित कर रहे हैं। वैसे बात जो भी हो परिणाम सामने जो भी आए पटना क्षेत्र के युवा आदिवासी नेता ने यह तय कर लिया है की वह अब कांग्रेस पार्टी से दूरी बनाएंगे और इसके लिए उन्होंने पूरा मन भी बना लिया है वह अब किसी भी स्थिति में पार्टी में नहीं रहने वाले यह उनका फैसला जल्द सामने आ जाएगा।

# क्या सिलफोड़वा जलाशय नहर के अतिक्रमण को हटा पाने में राजस्व विभाग सक्षम नही?

## क्या राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली भगवान भरोसे?

## शिकायत के बाद भी नही होती कार्यवाही...मामला सिलफोड़वा जलाशय की नहर में अतिक्रमण से जुड़ा हुआ...

### नियम कड़े फिर भी डर क्यों नही ?

यदि नियमो की बात करें तो छत्तीसगढ़ राज्य में लागू जल अधिनियम की धारा 32 के उपबन्धों के अंतर्गत,नदी,प्राकृतिक या कृतिम जलाशय और उसके नहर की भूमि पर अतिक्रमण करने वाले को गैर जमानती अपराध के तहत तत्काल एफ आई आर कर गिरफ्तार किया जाना चाहिए। परन्तु मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत भांडी में सिल्फोड़ा नहर की भूमि मामले में ऐसा कुछ भी होता नजर नहीं आ रहा है। अब जबकि सत्ता बदल गई है तो देखने लायक बात होगी कि राजस्व विभाग कब तक कार्यवाही शुरू करता है।

### एनजीटी के नियम ताक पर

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यह कहता है कि जल से जुड़े हर स्रोत चाहे वह प्राकृतिक नदी, नाले, तालाब झील हों या फिर बनाए हुए तालाब, नहर, नाले या फिर सप्लाई चेनल, किसी पर भी कोई भी निर्माण की ना तो अनुज्ञा जारी की जा सकती है और ना ही किसी भी तरह का निर्माण कार्य किया जा सकता है ऐसा किया जाता है तो संबंधितों पर दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्यवाही होनी चाहिए और यह अजमानतीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता ने पत्र लिखकर पहले ही एसडीएम बैकुण्ठपुर को अवगत करा दिया था, साथ ही यह भी स्पष्ट तौर पर लिखा था कि यह सारा निर्माण नहर की भूमि पर अतिक्रमण है। लेकिन कोरिया जिले में एनजीटी का निर्देष, कानून और वैधानिक कार्यवाही यह सब कुछ केवल कागज पर सीमित है।







-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/ 31 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिला के राजस्व विभाग की यदि बात की जाए तो यह विभाग एक ऐसा विभाग है जहां पर समय में कार्यवाही करने की उम्मीद नहीं की जा सकती, अब इसके पीछे की वजह क्या है यह तो संबंधित विभाग के पदों पर बैठे अधिकार ही जाने पर ऐसे कई मामले हैं जहां पर कार्यवाही का लोग इंतजार कर रहे है पर कार्यवाही कब होगी इसका तो पता नहीं? ऐसा ही एक मामला बैकुंठपुर तहसील से महज 4 किलोमीटर दूर भाड़ी चौक के पास स्थित एक जलाशय के नहर पर बने चौक अतिक्रमण का है जिसे पुरानी सत्ता शासन में आनन-फानन में बना दिया गया था, जो नियम विरोध था पर अब सवाल यह उठता है कि क्या नियम विरुद्ध बने चौक को हटा पाने में राजस्व विभाग सक्षम नहीं है? मामले को तकरीबन 6 महीने होने को है पर अभी तक राजस्व विभाग इस मामले में कार्यवाही नहीं कर पाया है, जबकि यह मामला शासन से जुड़ा मामला है और जल संसाधन विभाग द्वारा लिखित में दिया भी जा चुका है इसके बावजूद एक भी विभाग दूसरे विभाग के जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटा पाने में नाकाम है। ज्ञात होकी प्रदेश में सुशासन के नारे के साथ नवगठित सरकार में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की शिकायत पर अविलंब कार्यवाही की जाए। खासकर जब अतिक्रमण के मामले हैं तो त्वरित कार्यवाही शुरू की जाए। मुख्यमंत्री का यह निर्देश शायद कोरिया जिले के लिए नहीं था क्या? इसीलिए बीते पांच सालों में शहर से लेकर गांव तक बेहिसाब अतिक्रमण को हटाने के लिए अब कोई भी कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी है। हद तो यह है कि जिले में जल संसाधन विभाग की अनेक नहरों में दर्जनों लोगों ने अवैध रूप से पक्के मकान और अन्य निर्माण कर दिया है लेकिन अतिक्रमण हटाने के नाम पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। इस प्रकार के मामलों में राजस्व विभाग कुम्भकर्णी नींद में सोया रहा है। जल संसाधन विभाग के अलावा निजी तौर पर की गई अतिक्रमण की शिकायतें भी छह महीने से ठंडे बस्ते में हैं। राजस्व विभाग की बात करें तो इसकी कोरिया जिले में अलग ही पहचान बन गई है, यंहा मुख्यमंत्री, राजस्व कमिश्नर, कलेक्टर तक के निर्देश कचरे की टोकरी में डले हुए हैं। जिले में जनता के लाभ से जुड़े सीधे सीधे कार्यों को दरकिनार कर सिर्फ वही कार्य किए जाते हैं जिनमे अर्थलाभ जुड़ा हो। इसके लिए यंहा के राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों की सक्रियता किसी से छुपी नहीं है। गेज जलाशय में करोड़ों रुपए मुआवजे के बांटने का मामला किसी से छुपा नहीं है।

### यह है पूरा मामला

ग्राम पंचायत भांडी में एक चौक का निर्माण कार्य करने के लिए पांच लाख रुपए की घोषणा की गई थी। उक्त कार्य में ग्राम पंचायत भांडी को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। ग्राम पंचायत ने बताया कि नहर की जमीन होने के कारण उक्त कार्य नही कराया गया है। परन्तु इसे लाभ का अवसर मानकर कुछ चुनिंदा लोगों ने 5 और 6 जून की दरम्यानी रात को अतिक्रमण कर दीवार घेरकर मूर्ति लगा दी। जब बात कलेक्टर के संज्ञान में आई तो उन्होंने जल्द अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। परन्तु वही हुआ जो परिपाटी बनी हुई है। कलेक्टर के निर्देश कूड़े के डिब्बे में डालकर मैदानी अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। इसके बाद कई अखबारों में इस मामले की खबर प्रकाशित होने के बाद यह मामला आयुक्त सरगुजा सम्भाग श्रीमती शिखा राजपूत के भी जानकारी में आया और उन्होंने बैकुंठपुर एसडी एम को पत्र लिखकर एक सप्ताह में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परन्तु वह निर्देश भी कचरे के डिब्बे में शोभा बढ़ा रहा है। अब तक इस मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं कराया गया है और न ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पूरी हो सकी है तो अब जबकि जल संसाधन विभाग के आवेदन पर ही कार्यवाही की यह स्थिति बनी हुई है तो सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है कि राजस्व विभाग में आम आदमी की कितनी सुनवाई होती होगी।

### राजस्व विभाग से लगातार पत्राचार के बाद भी कानों में जूँ तक नहीं रेंगा

इसी तरह के एक मामले में जल संसाधन विभाग अपनी नहर की जमीन बचाने के लिए राजस्व विभाग से लगातार पत्राचार कर रहा है परन्तु एस डी एम और तहसील कार्यालय से उस पर छह महीने से कोई कार्यवाही नही हुई है। जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जून के पहले हफ्ते में सत्ता के करीबी कुछ ताकतवर लोगों ने आधी रात को सिल्फोडा नहर के ऊपर पक्का निर्माण कर दिया। जब इसकी सूचना और प्रतिवेदन एसडीएम बैकुंठपुर को दिया गया तो उन्होंने इसे अपने अधीनस्थ तहसीलदार बैकुंठपुर को भेज कर मामले को टाल दिया। इसके बाद अवैध निर्माण कार्य के सम्बन्ध में कलेक्टर कोरिया के संज्ञान में मामला होने के बावजूद तहसीलदार छह महीने में अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश जारी नहीं कर पाई हैं। बैकुंठपुर तहसील कार्यालय में किस तरह से प्रभाव और पैसे का बोलबाला है यह किसी से छुपा हुआ नही है। यंहा अवैध कब्जा करने वाले दमदार लोगों ने सत्ता का दबाव बनाकर पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डलवा दिया था। जल संसाधन विभाग के दो पत्रों के बाद भी आज तक सिल्फोडा जलाशय की माइनर नहर पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का आदेश जारी नही किया जा सका है। तहसील कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि इसमें पुरानी सत्ता से जुड़े हुए एक जनप्रतिनिधि ने विशेष दबाव बनाया हुआ था और इस वजह से अब तक न तो अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हो पाई है और ना ही अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

# वर्ष 2023 अच्छी व बुरी यादों के साथ हुआ समाप्त




## वर्ष 2023 जहां कांग्रेस के लिए रहा निराशाजनक तो वहीं भाजपा के लिए सत्ता में पुनः वापसी कराने वाला साबित हुआ साल

## वर्ष 2023 में भाजपा ने सत्ता में वापसी की तो वहीं कांग्रेस ने अपनी सत्ता गवाई

## आने वाला नया वर्ष 2024 जिसमे होना है लोकसभा चुनाव,किसके लिए होगा फायदेमंद किस दल को फिर होगा नुकसान ?

### वर्ष 2023 कोरिया जिले की तीनों विधानसभाओं में भी भाजपाइयों के लिए साबित हुआ सोने पर सुहागा वाला वर्ष,कांग्रेसियों से सब कुछ छीना वर्ष 2023 ने...

### नही सुलझ सका जिले के असंतुलित विभाजन का मुद्दा

कोरिया जिला दो जिलों के रूप में विभाजित किया गया। विभाजन को विकास के लिए विकेंद्रीकरण जरूर कहा गया पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लेकिन आज तक जिले की सीमाएं तय नहीं हैं जो साबित करता है की विभाजन असंतुलित रहा जिसका विरोध भी होता रहा।वर्ष 2023 में तो असंतुलित जिला विभाजन का मुद्दा नहीं सुलझ सका अब उम्मीद है की नई सरकार इसे सुलझाने का काम जरूर करेगी क्योंकि अभी भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो किस जिले में रहने वाले हैं वहां के लोगों को ही नहीं पता।

### साल भर विवादित रहा विधायक का कार्यकाल

वर्ष 2023 में बैकुंठपुर विधायक का कार्यकाल वर्षभर विवादित बना रहा। विधायक जो अब पूर्व विधायक हैं के साथ विवाद जुड़ते रहे जो पूर्व होने के बाद भी जुड़ते रहे। अंतिम समय में वर्ष के उनके ऊपर आरोप भी लगा मारपीट का जिसके बाद एक समाज विशेष ने उनके विरुद्ध निंदा प्रस्ताव भी पारित किया जो कहीं न कहीं बड़ी बात है एक जनप्रतिनिधि होने के नाते बड़ी क्षति है उनके भविष्य को लेकर।

### नए विधायकों से जगी जनता की उम्मीद

वर्ष 2023 के अंत में जनता ने नए विधायकों को आने वाले समय के लिए चुनकर क्षेत्र की सेवा का मौका दिया। सभी नए विधायकों से जनता को काफी उम्मीद है जो पूर्व विधायकों ने अपने कार्यकाल में नहीं पूरी की। अब नए विधायक जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करें यही उनसे जनता को उम्मीद है।

### नए वर्ष में बदले जा सकते हैं प्रशासनिक अधिकारी

नए वर्ष में जिले के आला प्रशासनिक अधिकारियों को बदला जा सकता है यह भी संभावना है। प्रशासनिक अधिकारियों के हिसाब से पिछला वर्ष भले अच्छा रहा हो लेकिन जिले की जनता के हिसाब से प्रशासनिक कसावट बेहतर नहीं मानी गई जो वजह है उनके बदले जाने की। जिले में जनता ने अपने लिए नई सरकार का चयन किया है उसी अनुरूप बेहतर परिणाम देने वाले अधिकारियों की अब पदस्थापना हो जिले में वह भी चाहते हैं।

### विभाजित कोरिया को मिला स्वास्थ्य मंत्री

विभाजित कोरिया जिले के हिस्से स्वास्थ्य मंत्री का पद आया। यह पद जहां नवीन जिले के लोगों के लिए उत्साह का विषय बना हुआ है वहीं यह कोरिया वासियों के लिए भी उत्साह का विषय है।

### भाजपा के लिए वर्ष का अंतिम सुखद रहा...

भाजपा के लिए पूरी तरह सुखद रहा वर्ष 2023। अब वर्ष 2024 जो आने वाला है उसमे किसके हिस्से क्या आता है यह देखने वाली बात होगी क्योंकि लोकसभा चुनाव इसी वर्ष में संपन्न होने हैं वहीं कांग्रेस भाजपा दोनो ही इस चुनाव में बाजी मारने का प्रयास करेंगे। भाजपा के पास वर्तमान में प्रदेश की सत्ता है इसलिए वह आश्वस्त होकर आत्मविश्वास के साथ इस चुनाव में भाग लेगी वहीं कांग्रेस इस चुनाव में संघर्ष करती नजर आएगी यह तय है। जिले का असंतुलित विभाजन भी एक विषय है जिसको लेकर अब भाजपा को निर्णय लेना होगा वह इस नए वर्ष में निर्णय लेकर जिले का विभाजन संतुलित करती है की नहीं यह भी देखने वाली बात होगी।

-रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी 31 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

वर्ष 2023 की विदाई हो चुकी है नए वर्ष 2024 का सूर्योदय हो गया है ऐसे में बीता वर्ष प्रदेश सहित कोरिया एमसीबी जिले के लिए कैसा प्रदेश सहित दो जिलों की राजनीति के हिसाब से कैसा रहा इसकी भी बात होनी चाहिए। वर्ष 2023 जो अब बीता हुआ वर्ष होने जा रहा है उसको लेकर यदि प्रदेश सहित कोरिया एमसीबी जिले की राजनीति के हिसाब से इसकी समीक्षा की जाए तो यह वर्ष कांग्रेस पार्टी के लिए न तो पूरे प्रदेश स्तर पर ठीक रहा और न ही कोरिया जिले सहित एमसीबी जिले के हिसाब से। वर्ष 2023 के नवंबर माह में संपन्न हुए विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश की सत्ता पर पंद्रह वर्ष उपरांत वापसी कर चुकी कांग्रेस पार्टी को पुनः विपक्ष में जनता ने बैठा दिया वहीं पंद्रह वर्ष बाद भाजपा को सत्ता से बेदखल करने वाली जनता ने इस भाजपा को सत्ता के लिए ज्यादा इंतजार नहीं कराया वर्ष 2023 में प्रदेश की जनता ने कोरिया एमसीबी जिले की जनता ने पुनः भाजपा को सत्ता की चाभी सौंप दी। पांच साल बाद पुनः कांग्रेस अब विपक्ष की जिम्मेदारी निभायेगी वहीं भाजपा सत्ता की बागडोर सम्हालेगी। प्रदेश की राजनीति की बात हो या कोरिया एमसीबी जिले की राजनीति की बात हो सभी जगह भाजपा का परचम लहराया इस वर्ष। वर्ष 2023 ने जाते जाते भाजपा को बहुत कुछ दे दिया वहीं कांग्रेस से सबकुछ छीन लिया। कोरिया एमसीबी जिले की तीन विधानसभाओं में भी भाजपा का परचम लहराया वहीं तीनों विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशी ही विधायक चुने गए। वर्ष 2023 राजनीतिक दृष्टि से कांग्रेस के लिए बेहतर नहीं रहा यह कहना गलत नहीं होगा।









### 2023 में अपराजिता महल भी हुआ पराजित

कोरिया महल का इतिहास था कि यहां से राजनीतिक रूप से किसी को भी हार नहीं मिली कोरिया कुमार ऐसे राजनीतिक योद्धा थे जिन्होंने चुनाव को दूरदर्शिता व दिमाग के साथ लड़ा हार का मुंह नहीं देखा यही वजह थी कि कोरिया कुमार अपराजिता राजनीतिक योद्धा थे पर वहीं उनके जाने के बाद इस महल को हार का सामना 2023 में करना पड़ा, उनकी भतीजी नहीं बचा पाई महल की साख और महल के साथ लगा हार का काला टीका।

### वर्ष 2023 का राजनीति से दृष्टि से समापन भाजपा के लिए फायदेमंद रहा

वैसे वर्ष 2023 का राजनीति से दृष्टि से समापन भले ही भाजपा के लिए फायदेमंद रहा लेकिन भाजपा को अभी से वर्ष 2024 को अपने पक्ष में मनाने की भी गलती नहीं करनी चाहिए वह अपनी रणनीति सहित कार्यकर्ताओं को जिस एकरूपता में बांधकर विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर पाई है उस एकजुटता को बनाए रखना भी उसकी जरूरत होगी जिसके बाद ही सफलता का मार्ग उसके लिए सरल होगा।

### 2023 कांग्रेस के लिए रहा निराशाजनक

बीता हुआ वर्ष 2023 कांग्रेस पार्टी के हिसाब से न जिले में ही ठीक रहा न ही विभाजित कोरिया जिले में ही। विभाजित कोरिया जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। कुल मिलाकर कांग्रेस के लिए निराशाजनक रहा बीता वर्ष। कांग्रेस सत्ता से भी बेदखल हुई और तीनो विधानसभा सीटों पर उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। केवल बैकुंठपुर विधानसभा की बात की जाए तो इस विधानसभा में पहली बार कोरिया रियासत परिवार को हार का मुंह देखना पड़ा क्योंकि आज तक कोरिया रियासत परिवार चुनाव न हारने का खिताब अपने साथ लेकर चला आ रहा था। हार भी कोरिया रियासत परिवार की कोई कम अंतर वाली नहीं रही। जिस अंतर से हार हुई वह अंतर इतना बड़ा है की आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी रियासत परिवार कोरिया से उम्मीदवार चुनाव में उतारेगी यह भी कांग्रेस के लिए सोचने वाला विषय होगा क्योंकि जिस अंतर से हार हुई वह सत्ता विरोधी लहर का अंतर नहीं था व्यक्तिगत विरोध स्वरूप इतना बड़ा अंतर हार जीत का रहा जो पहले से ही तय माना जा रहा था।

### नूतन वर्ष 2024 होगा खास

अब नूतन वर्ष 2024 का सूर्योदय भी होने वाला है यह वर्ष किसके लिए किस दल के लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा यह आगे देखने वाली बात होगी क्योंकि वर्ष 2024 में ही लोकसभा चुनाव होने हैं और प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों पर किसे किस दल के प्रत्याशी को जीत मिलेगी यह देखने वाली बात होगी। वैसे प्रदेश की जनता ने वर्ष 2023 के अंत में भाजपा को जैसा जनादेश दिया है उसके बाद आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का मनोबल बढ़ा हुआ है जो लाजमी भी है जो राजनीतिक दृष्टि से भी सही है क्योंकि हालिया मिली जीत और सत्ता में वापसी के बाद वह आत्मविश्वास से जहां लबरेज है वहीं सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस अभी अपनी आंतरिक ही लड़ाई में उलझी हुई है जिसमे यह लगातार देखने को मिल रहा है की हारे हुए प्रत्याशी लगातार भीतरघात का आरोप पार्टी पदाधिकारियों पर कार्यकर्ताओं पर लगा रहे हैं और पार्टी में कलह को और बढ़ा रहे हैं जबकि उन्हे आगामी लोकसभा चुनाव तक शांत रहकर पार्टी के हित में काम करना था और घोषित प्रत्याशी के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त करना था।

### क्या जिला का असंतुलित विभाजन का सुधार होगा ?

पूर्व का अविभाजित कोरिया जिला वर्तमान में दो जिलों में विभाजित है और विभाजन भी ऐसा असंतुलित हुआ है की आज भी विधानसभाओं के हिसाब से दोनों जिलों की विधानसभाओं की सीमाएं एक दूसरे जिले से लगती हैं और जिसके आधार पर उनकी जरुरते भी जुड़ती हैं। अब नए वर्ष में सत्ता में वापसी कर चुकी भाजपा क्या ऐसा कोई रास्ता दो जिलों के लिए निकालती है जिसके बाद विभाजन सही तरीके से हो सके यह भी देखने वाली बात होगी। वैसे जाते हुए वर्ष 2023 में और भी बहुत सी घटनाएं घटी हैं जिसका उल्लेख होना जरूरी है जिसमें पूर्व विधायक पर एक युवक द्वारा सरेराह मारपीट करने का आरोप लगाया गया जिसमे एक समाज विशेष ने पूर्व विधायक के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया साथ ही उनके ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराने पुलिस थाने का भी घेराव किया।वर्ष 2023 के अंत में ही कई बड़े कांग्रेसी नेताओं पर बड़ी कार्यवाहियां भी हुई जिसमे से अंतिम माह में ही दो बड़ी कार्यवाही हुई जो अवैध रूप से धान के भंडारण सहित उसके गलत तरीके से विक्रय को लेकर की गई एक राइस मिल सील की गई।

## पुलिस अधीक्षक के समझाइश के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे टैंकर चालक पुनः लौटे काम पर

-संवाददाता-
कोरबा,31 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भारतीय न्याय संहिता 2023 नए कानून के अंतर्गत हिट एंड रन को लेकर कानून में संशोधन किए जाने की खबर के बाद गोपालपुर स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में टैंकर चालकों ने 30 दिसंबर से काम छोड़ कर इस कानून में हुए बदलाव को लेकर विरोध जताया था। जिन्हें विरोध नहीं करने की समझाइश देने बीते कल को कटघोरा नायब तहसीलदार सहित दर्री पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं निकल सका। जिसके बाद आज पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला आज स्वयं आईओसीएल गोपालपुर पहुंचे और टैंकर मालिकों को बुलवाकर समझाइश दिया । जिसके बाद विरोध कर रहे ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर डीजल पेट्रोल परिवहन करने अपने अपने टैंकरों को लेकर उक्त गंतव्य की ओर निकले। इस दौरान दर्री अनुभाग पुलिस थाना के प्रभारीगण,कटघोरा एसडीएम ऋचा सिंह,जिला खाद्य अधिकारी जे के सिंह मौके पर मौजूद थे।



पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया की सोशल मीडिया के माध्यम से ड्राइवरों को नए कानून में हुए संशोधन को लेकर कुछ गलतफहमी फैली हुई थी जिसके कारण उनके द्वारा विरोध किया जा रहा था,जिन्हें उक्त कानूनों के बारे सही जानकारी देकर उनके गलतफहमी को दूर करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने विस्तार पूर्वक बताया के यह कानून उन लोगों के लिए है जो हादसा होने के बाद भी सूचना नहीं देते और मौके से भाग जाने जैसा गैर जिम्मेदाराना हरकत करते है ,उनके लिए ये कानून है और इसमें सिर्फ टैंकर चालक ही नहीं हर दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन चालकों पर यह कानून लागू होगा । उन्होंने इस विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा के जिसने भी नए संशोधित कानून को लेकर चालकों में गलतफहमी फैलाई है उसकी जांच की जाएगी एवं दोषियों पर होगी कार्यवाही ।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आमजनों को योजनाओं की दी जा रही जानकारी

-संवाददाता-
कोरबा,31 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भारत सरकार की योजनाओं से आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंगबेल व जपेली, जनपद पंचायत करतला के फत्तेगंज, औराई व ननियारी, विकासखंड कोरबा के ग्राम अमलडीहा व बलसेंधा तथा सिमकेंदा व ढेंगुरडीह में, पोडी उपरोडा ब्लॉक के गिद्धमुड़ी, बनिया में, विकासखंड पाली के ग्राम पोटापानी, अलगीडांड व बगधरीडांड में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

## ग्राम डोंगानाला में किए जा रहे पीव्हीटीजी सर्वे कार्य का एसडीएम पाली ने किया निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा,31 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ पहुंचाने हेतु प्रशासन द्वारा पीव्हीटीजी बसाहटो में सर्वे किया जा रहा है साथ ही शिविर का आयोजन कर वंचित लोगों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी,ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड,स्वास्थ्य जांच जैसे योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसडीएम पाली सुश्री रुचि शार्दुल द्वारा दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत डोंगानाला में किए जा रहे पीव्हीटीजी सर्वे कार्य का जायजा लिया। इस अवसर पर तहसीलदार श्री सुनील गुप्ता सहित अन्य खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। एसडीएम सुश्री शार्दुल ने पीव्हीटीजी वर्ग के लोगों से चर्चा कर उन्हे पीएम जन मन योजना के संबंध में दी जानकारी, साथ ही उन्हें योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान
(निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए– 23,सेक्टर – 62 ,(संस्थागत क्षेत्र), नोएडा – 201309 (उ.प्र.)
स्वरोजगार हेतु उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम फैशन एण्ड ब्यूटी पार्लर
अपना व्यवसाय शुरु करने का सुनहरा अवसर
अहर्ता: 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार/ड्रॉप आउट
सीमित सीटें – 60 । प्रतिभागियों का चयन 03/01/2024
स्थान-कलश ब्यूटी पार्लर साई मंदिर के पास सिविल लाइन्स मनेन्द्रगढ़ जिला-मनेन्द्रगढ़ एम.सी.बी मो.6263449233
प्रवर्तक : कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरुकता (संकल्प)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- कॉर्स निर्देशक – दीपिका शर्मा ,मों. 6265011768
Email- dipika.sharma2@gmail.com

# वनडे में साल 2023 भारत के लिए बेस्ट,रिकॉर्ड ध्वस्त

## जितनी सफल 2000 के दशक में ऑस्ट्रेलिया टीम थी, 2023 में रही भारतीय टीम




**नई दिल्ली 31 दिसम्बर 2023।** साल 2023 में भारत ने अपने वनडे इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम इंडिया इस कदर हावी रही कि उसका प्रदर्शन 2000 के दशक वाली ऑस्ट्रेलिया टीम की याद दिला गया। भारत ने इस साल खेले 35 वनडे में से 27 में जीत हासिल की, जो कि इतने ही मुकाबले खेलकर साल 2003 में ऑस्ट्रेलिया (30 जीत) के बाद सबसे ज्यादा है।

इससे पहले वनडे में टीम इंडिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 1998 में था, जहां उसने 24 वनडे मैच जीते थे। साल 2023 में भारत ने एक कैलेंडर ईयर में जीत का औसत अंतर, सबसे ज्यादा बार 200+ रन से जीत, सबसे बड़े स्कोर, सबसे ज्यादा शतक, सबसे ज्यादा छक्के, सबसे ज्यादा विकेट जैसे रिकॉर्ड्स बना दिए जिन्हें कम होते वनडे मुकाबलों के बीच तोड़ना बहुत मुश्किल होगा।

### पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 143 रन के औसत अंतर से जीते

भारत ने साल 2023 में 14 मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते। इनमें उसका औसत जीत अंतर 143 रन रहा, जो वनडे इतिहास में सर्वाधिक है। अफ्रीका का जीत का औसत अंतर 137 रन रहा।

साल 2003 में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 मैच 122 रन के औसत अंतर से जीते थे। 2007 की ऑस्ट्रेलिया टीम ने 12 मैच 105 रन के औसत अंतर से जीते।



**एक साल में सबसे ज्यादा जीत, साल 2003 के बाद सबसे ज्यादा**

| | ऑस्ट्रेलिया | भारत | ऑस्ट्रेलिया |
|---|---|---|---|
| साल | 2003 | 2023 | 1999 |
| मैच | 35 | 35 | 35 |
| जीत | 30 | 27 | 26 |
| हार | 5 | 7 | 9 |
| टाई/बेनतीजा | 7 | 1 | 2 |
| जीत प्रतिशत | 85.70% | 79.40% | 74.30% |

### सबसे ज्यादा 350+ स्कोर बनाए,शतकों में अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी



**रिपोर्ट कार्ड: शुभमन गिल रहे भारत के सबसे सफल बैटर, कोहली के शतक सबसे ज्यादा**

| बल्लेबाज | पारी | रन | औसत | शतक |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 29 | 1584 | 63.36 | 5 |
| विराट कोहली | 24 | 1377 | 72.47 | 6 |
| रोहित शर्मा | 26 | 1255 | 52.29 | 2 |

साल 2023 में 9 बार भारत का स्कोर 350+ के पार पहुंचा। यह किसी टीम के एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा 350+ स्कोर हैं। उसने साल 2019 में इंग्लैंड के 7 बार 350+ रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

टीम इंडिया की ओर से इस साल 19 शतक लगे। साल 2017 के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी की। कोहली वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर दुनिया में 50 वनडे शतक वाले पहले बल्लेबाज बने।

### पहली बार किसी टीम के 250 छक्के, रोहित रिकॉर्ड ब्रेकर

टीम इंडिया इस साल वनडे इतिहास के किसी साल में 250 छक्के जमाने वाली पहली टीम बन गई। अफ्रीका ने 225 छक्के लगाकर रिकॉर्ड टैली में दूसरा स्थान हथिया लिया। दोनों टीमों ने विंडीज के साल 2019 में लगे 209 छक्कों का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने इन 250 में से 67 छक्के जड़े। यह किसी बल्लेबाज द्वारा एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक है। रोहित ने एबी डिविलियर्स (58 छक्के, साल 2015) का रिकॉर्ड तोड़ा।

### सर्वाधिक विकेट के अपने रिकॉर्ड तोड़े,सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल



**3 गेंदबाजों ने साल में झटके 40+ विकेट, हर 27वीं गेंद पर विकेट**

| गेंदबाज | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| कुलदीप यादव | 30 | 49 |
| मोहम्मद सिराज | 25 | 44 |
| मोहम्मद शमी | 19 | 43 |

भारत ने इस साल 289 विकेट लेकर साल 1998 में 286 विकेट लेने का अपना रिकॉर्ड ही तोड़ दिया। इस साल हर 27.4वीं गेंद पर विकेट चटकाया, जो किसी टीम के लिए एक कैलेंडर ईयर में बेस्ट स्ट्राइक रेट है। भारतीय टीम ने इस साल आठ बार पारी में पांच विकेट भी लिए। इससे पाकिस्तान (1990), ऑस्ट्रेलिया (2004) और श्रीलंका (2008) के 6-6 फाइव विकेट हॉल के पुराने रिकॉर्ड टूट गए।

# अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश में लड़कियों का अंडर-19 खिताब जीता




**नई दिल्ली,31 दिसंबर2023 ।** प्रतिभाशाली किशोरी अनाहत सिंह ने 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश में शानदार भारतीय प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए फाइनल में घरेलू पसंदीदा रॉबिन मैकअल्पाइन पर 11-6, 11-1, 11-5 से जीत के साथ लड़कियों का अंडर-19 खिताब जीता। खिताबी जीत के साथ दिल्ली की अनाहत के लिए एक शानदार वर्ष समाप्त हो गया, जिन्होंने अंडर-19 और सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में डबल रिकॉर्ड बनाया और एशियाई खेलों और उद्घाटन एशियाई मिश्रित युगल चैंपियनशिप दोनों में अभय सिंह के साथ मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता।

इस बीच, भारत के सुभाष चौधरी ने लड़कों के अंडर-15 फाइनल में हमवतन शिवेन अग्रवाल को 5-11, 11-4, 6-11, 11-8, 11-5 से हराया, जबकि श्रेष्ठ अय्यर ने श्रेयांश जाह को अखिल भारतीय लड़कों के अंडर-13 फाइनल में 11-8, 11-8, 3-11, 11- 8 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय आद्या बुधिया ने लड़कियों के अंडर-13 फाइनल में मलेशिया की निया च्यू को 9-11, 11-8, 8-11, 11-8, 11-9 से हराकर लचीलापन दिखाया, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रभाव बाजोरिया ने दूसरी वरीयता प्राप्त आदित्य शाह को अखिल भारतीय लड़कों के अंडर-11 फाइनल में 5-11, 9-11, 11-5, 11-8, 11-6 से हराया। लड़कियों के अंडर-11 वर्ग में दिव्यांशी जैन उपविजेता रहीं। इस आयोजन में 30 से अधिक देशों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में एमसीजी में कुल 164,835 दर्शकों की उपस्थिति दर्ज की गई

**मेलबर्न,31 दिसंबर2023 ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घोषणा की कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट में चार दिनों में कुल 164,835 दर्शक पहुंचे। उपस्थिति संख्या के अलावा, सीए ने यह भी कहा कि उसने मैच के चार दिनों में मजबूत दर्शक संख्या दर्ज की, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर 79 रनों की जीत दर्ज करते हुए बेनो-कादिर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली।

बॉक्सिंग डे टेस्ट का फ्री-टू-एयर सेवन नेटवर्क का कवरेज राष्ट्रीय स्तर पर 5.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई लोगों तक पहुंचा और कायो स्पोर्ट्स, फॉक्सटेल गो और फॉक्सटेल नाउ सहित फॉक्सटेल ग्रुप के दर्शकों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक दिन के खेल को औसतन दस लाख से अधिक लोगों ने देखा। कायो स्पोर्ट्स ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन के लिए अब तक की सबसे अधिक दर्शक संख्या दर्ज की, जो साल-दर-साल 2त्न अधिक थी। कुल मिलाकर चार दिनों में सवा लाख से अधिक लोगों ने टेस्ट और केएफसी बिग बैश लीग मैचों में भाग लिया।

सीए सीईओ निक हॉकले ने कहा, एनआरएमए इंश्योरेंस बॉक्सिंग डे टेस्ट और केएफसी बिग बैश लीग के लिए इतनी मजबूत दर्शक संख्या और उपस्थिति संख्या



देखकर हमें खुशी हो रही है। यह क्रिकेट के चार दिन बहुत अच्छे रहे, और हमें यह देखकर खुशी हुई कि इतने सारे प्रशंसक हमारे साथ मैचों में शामिल हुए या कुछ महान मुकाबलों को देखने के लिए आए, जिसमें पाकिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की जीत भी शामिल थी, जिसका नेतृत्व कप्तान पैट कमिंस जैसे असाधारण खिलाड़ी ने मैच में किया था।

सीए ने यह भी कहा कि महान लेग स्पिनर को सम्मानित करने के लिए शेन वार्न लिगेसी के साथ मिलकर की गई उसकी नई पहल भी जबरदस्त हिट रही। स्टेडियम में प्रशंसकों को पूरे मैच के दौरान 23 स्टेशनों पर शेन वार्न लिगेसी हार्ट टेस्ट लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। चार दिनों के दौरान कुल 7847 परीक्षण किए गए, वर्तमान में राष्ट्रीय कुल 29,013 है। हमें बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान इतने सारे प्रशंसकों को शेन वार्न लिगेसी हार्ट टेस्ट लेते देखकर भी खुशी हुई। हृदय स्वास्थ्य एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारण है, और हमें शेन वार्न लिगेसी के साथ-साथ इसके लिए जागरूकता बढ़ाने पर गर्व है। हॉकले ने कहा, हर दिन अपराह्न 3.50 बजे इतने सारे प्रशंसकों को शेन को सलाम करते देखना भी बहुत खास था।

पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में श्रृंखला के उद्घाटन के लिए, कुल मैच उपस्थिति 59,125 थी, जो पिछले रिकॉर्ड से 40त्न अधिक थी। क्रिकेट के विकास के बारे में बहुत चर्चा हो रही है, और वास्तविकता यह है कि यह खेल, अपने तीन महान प्रारूपों के साथ, कभी भी इतना लोकप्रिय, प्रासंगिक और अधिक विकास क्षमता वाला नहीं रहा है।

खिलाड़ियों के लिए, पहले से कहीं अधिक कमाई की संभावनाएं और अवसर हैं, जबकि प्रशंसकों के लिए, मनोरंजन उत्कृष्ट है, चाहे खेल के स्टेडियम में हो या हमारे प्रसारण भागीदारों के निरंतर नवाचार के माध्यम से और डिजिटल चैनलों की एक विशाल विविधता के माध्यम से। हॉकले ने कहा, इस टेस्ट श्रृंखला के लिए उपस्थिति और देखने के आंकड़े एक बार फिर खेल के सबसे कठिन और सबसे प्रसिद्ध प्रारूप के लिए स्थायी जुनून को दर्शाते हैं। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान अब सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए सिडनी जाएंगे, जिसे 3 जनवरी से पिंक टेस्ट के रूप में मनाया जाएगा।

# हार के बाद टीम इंडिया को लगा झटका,आईसीसी ने लगाया जुर्माना

**सेंचुरियन,31 दिसंबर 2023 ।** तेज गेंदबाज आवेश खान को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, भारत पर सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और दो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक भी काट लिए गए हैं।



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच सेंचुरियन में खेला गया। इस मुकाबले में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने दो ओवर कम फेंके। इस वजह से टीम इंडिया के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 पॉइंट्स काटे गए हैं। इसके साथ ही आईसीसी ने 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना भी लगाया है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के क्रिस ब्रॉड ने भारत को लक्ष्य से दो ओवर पीछे रहने के बाद यह सजा दी.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि आवेश चोटिल मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम से जुड़ेंगे। वह अब केपटाउन में नए साल के टेस्ट से पहले भारतीय तेज आक्रमण को मजबूत करेंगे, क्योंकि मेहमान टीम अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से पीछे है। घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए खेलने वाले आवेश वर्तमान में बेनोनी के विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चार दिवसीय मैच में भारत 'ए' के लिए खेल रहे हैं। 38 प्रथम श्रेणी मैचों में आवेश ने 22.65 की औसत और 3.12 की इकॉनमी रेट से 149 विकेट लिए हैं, जिसमें सात बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है।

आवेश को सफेद गेंद वाले क्रिकेट में भारत के लिए चुना गया है। उन्होंने 19 टी20 और आठ वनडे मैच खेले हैं। जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती वनडे में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आवेश ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4-27 विकेट हासिल किए।

**भारत की टीम-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर),अभिमन्यु ईश्वरन, आवेश खान।

# बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की सालार की तूफानी रफ्तार बरकरार




### फिल्म की 8वें दिन की कमाई भी रही शानदार

प्रभास स्टारर 'सालार' की अनाउंसमेंट के बाद से ही फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और जब ये फिल्म थिएटर में पहुंची तो इसने वाकई धमाका कर दिया। यहां तक कि प्रभास स्टारर फिल्म ने शाहरुख खान की 'डंकी' को भी पीछे छोड़ दिया. क्राइम थ्रिलर ये फिल्म अपने ओपनिंग डे से ही ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है. इस बीच इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। चलिए यहां जानते हैं 'सालार' ने रिलीज के 8वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

'सालार' को क्रिटिक्स से तो अच्छा रिव्यू मिला ही वहीं दर्शकों से भी इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है. इस फिल्म ने ऑडियंस को एंटरटेनमेंट की फुल डोज दी है. फिल्म के एक्शन सीक्वंस से लेकर विजुअल्स इतने शानदार है कि इन्हें देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों तक खिंचे चले आए।

इस फिल्म की कमाई की बात करें तो 'सालार' ने 90.7 करोड़ से ओपनिंग की थी। इसके बाद फिल्म ने दूसरे दिन 56.35 करोड़ कमाए। तीसरे दिन 'सालार' की कमाई 62.05 करोड़ रही। चौथे दिन फिल्म ने 46.3 करोड़ का कलेक्शन किया। पांचवें दिन 'सालार' का कारोबार 24.9, छठे दिन 15.6 करोड़ और सातवें दिन 12.1 करोड़ रहा। इसी के साथ 'सालार' की पहले हफ्ते की कमाई 308 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं अब फिल्म की रिलीज के आठवें दिन यानी दूसरे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 'सालार' ने रिलीज के आठवें दिन यानी सेकंड फ्राइडे को 10.00 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'सालार' का आठ दिनों का कुल कारोबार 318.00 करोड़ रुपये हो गया है।

'सालार' को केजीएफ फेम प्रशांत नील ने निर्देशित किया है। फिल्म में प्रभास ने लीड रोल प्ले किया है। वहीं पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन, जगपति बाबू रेड्डी, टीनू देसाई सहित कई कलाकारों ने दमदार रोल भी निभाया है। ये फिल्म दो दोस्तों की कहानी पर बेस्ड है जो किसी घटना की वजह से एक दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं।

# नेहा मलिक ने सिजलिंग आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट,एक्ट्रेस की दिलकश अदाएं देख मोहित हुए युजर्स

भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी मशहूर हैं और आए दिन वे अपने ग्लैमरस अवतार से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस एक हॉट फोटोशूट कराया है जिसे देखने के बाद आपके होश काबू में नहीं रहेंगे। नेहा मलिक ने लेवेंडर कलर का सिजलिंग आउटफिट पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं। साथ ही उनके बड़े-बड़े ईयररिंग्स उनकी खूबसूरती को दोगुना कर रहे हैं। एक्ट्रेस की दिलकश अदाएं देख यूजर्स मोहित हो गए हैं और कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी की बारिश कर रहे हैं।



नेहा मलिक एक अभिनेत्री और मॉडल हैं जो पंजाबी फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़ी हैं। उनका जन्म 31 अक्टूबर 1990 को हुआ था और उनका जन्मस्थान मुंबई, महाराष्ट्र, भारत है। उसकी ऊंचाई लगभग 5 6 है.। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट जेवियर सेन्टर से की। स्कूल, दिल्ली, और जीएमसीएच गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चंडीगढ़ से स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

नेहा मलिक ने अपने कैरियर की शुरुवात मॉडलिंग से की और दुबई में फैशन वीक में टॉप 3 रैंक हासिल की थी द्ब 2015 के ब्राइडल फैशन वीक में प्रतिभाग की हुई थी नेहा फिलहाल सिंगल ही है ।

# थिएटर्स के बाद मृणाल और नानी की फिल्म हाय नन्ना 4 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी




साउथ स्टार नानी और मृणाल ठाकुर स्टारर फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर को सिनेमघरों में रिलीज हुई है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से काफी पसंद किया गया। पहली बार स्क्रीन शेयर करते मृणाल और नानी की जोड़ी को भी फैंस ने काफी प्यार दिया है. वहीं, थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब फिल्म अपना डिजिटल डेब्यू करने वाली है।

नानी और मृणाल की ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। नए साल पर मेकर्स ये ऐलान कर दर्शकों एक तोहफा दिया है। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 4 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। इस बात ऐलान खुद नेटफ्लिक्स ने एक्स पर कर किया है।

नेटफ्लिक्स के अकाउंट से पोस्ट में शेयर कर अनाउंसमेंट की गई है. इसमें लिखा- आय नन्ना 4 जनवरी को तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।

ये एक रोमांटिक और फैमिली फिल्म है। इसमें एक बेटी और पिता के खूबसूरत रिश्ते को दिखाया गया है. फिल्म में नानी ने पिता का किरदार निभाया है, जिनकी एक बेटी है माही (कियारा)। वो अपनी बेटी की अकेले परवरिश करते हैं. माही ये जानने के लिए बेताब है कि उसकी मां कौन हैं। फिल्म में नानी की पत्नी के रोल में मृणाल ठाकुर हैं।

फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो, इसमें नानी और मृणाल के साथ ही चाइल्ड आर्टिस्ट कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### भूपेश ने छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबोया:अरुण साव



**रायपुर,31 दिसम्बर 2023।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की खस्ताहाल सड़कों को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने बड़ा बयान दिया है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि पूर्व की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की आर्थिक हालात भी खराब करके रख दी है। प्रदेश कर्ज़ में डूबा हुआ है। डिप्टी सीएम ने कहा कि उनकी सरकार के सामने चुनौती तो है लेकिन उसका हल निकालकर काम करेंगे।
गौरतलब है कि लोरमी से जिला मुख्यालय हो या वनांचल को ब्लॉक मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़कें, अधिकांश सड़कों की हालत बेहद खराब है। ऐसे में लोरमी से भारी बहुमत के साथ जीतकर आए अरुण साव को डिप्टी सीएम बनने और पीडब्ल्यूडी मंत्रालय मिलने से लोगों को सड़कों की स्थिति सुधरने की आस जगी है। वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव के बयान से अब यहां की सड़कों की हालत सुधरने के पूरे पूरे चांस बन गए हैं।

### बस्तर में 3 हजार से ज्यादा जवानों की होगी पोस्टिंग



**बस्तर,31 दिसम्बर 2023 ।** माओवादियों के गढ़ों में उनके खिलाफ अभियान तेज करने की रणनीति के तहत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 3,000 से अधिक कर्मियों की तीन बटालियन ओडिशा से छत्तीसगढ़ जाएंगी और इतनी ही संख्या में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की इकाइयां छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के गढ़ अबूझमाड़ के भीतरी इलाकों में जाएंगी। अबूझमाड़ के लगभग 237 गांवों में करीब 35,000 लोग रहते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में आदिवासी हैं। वर्तमान में, इस क्षेत्र में कोई स्थायी केंद्रीय या राज्य पुलिस बेस नहीं है और बताया जा रहा है कि सशस्त्र माओवादी काडर राज्य के दक्षिण बस्तर क्षेत्र में छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा के पार से यहां आकर अपनी गतिविधियां को चला रहे हैं और प्रशिक्षण ले रहे हैं। बस्तर क्षेत्र में दंतेवाड़ा,सुकमा और बीजापुर से लेकर नारायणपुर और कोंडागांव और कांकेर जिले शामिल हैं।

# जनता से किए हर वायदे करेंगे पूरे:विष्णु देव साय

## मोदी की गारंटी के अनुसार विवाहित महिलाओं को दी जाएगी सालाना 12 हजार रूपए की सहायता

**» सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया धान बोनस की राशि दिया गया**



**रायपुर 31 दिसम्बर 2023।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार जिले के सेम्हराडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य थे। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण और राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा और विधायक व्यास कश्यप भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की शुरूआत में समाज के महान विभूतियों को उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर नमन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में नागरिकों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ केंद्र की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एक छात्र श्री दीपक वर्मा को शिक्षा के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक मदद की मंजूरी की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ''परिणय पुष्प'' और ''अरपा छत्तीसगढ़'' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया।
इस मौके पर दो आदर्श विवाह संपन्न हुए, अतिथियों ने नवविवाहित दम्पत्तियों को खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कुर्मी समाज की पहचान एक राष्ट्रभक्त और मेहनतकश समाज के रूप में है। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता आंदोलन में इस समाज के महापुरूषों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पांच वर्षों में आम जनता से किए हर वायदे को पूरे करेंगे। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही कैबिनेट की बैठक में हमने 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने की शुरूआत कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का अंतरण कर दिया गया है।

**विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलेगा सालाना 12 हजार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुसार विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सालाना 12 हजार रूपए की सहायता दी जाएगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा महत्वपूर्ण होती है। पहले महिलाएं घर के कामकाज तक सीमित रहती थी, सामाजिक गतिविधियों में केवल पुरुषों का ही योगदान रहता था, लेकिन संवैधानिक प्रावधान के तहत उन्हें आरक्षण का भी लाभ मिल रहा है और महत्वपूर्ण स्थानों पर भी महिलाएं अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, समाज के पदाधिकारी श्री चोवा राम वर्मा, श्री धर्मेंद्र सरसिहा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## नए साल की सौगात

### मनोज पिंगुआ के साथ इन आईएएस को पे मेट्रिक्स लेवल के हिसाब से किया पदोन्नत



**रायपुर 31 दिसम्बर 2023।** राज्य शासन ने आईएएस मनोज कुमार पिंगुआ के साथ 12 आईएएस अधिकारियों को नए साल पर पदोन्नति की सौगात दी है। इन अधिकारियों को पे मेट्रिक्स लेवल के लिहाज से पदोन्नत किया गया है। रमुख सचिव, वन विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार प्रमुख सचिव गृह एवं जेल विभाग आईएएस मनोज पिंगुआ के साथ 1994 बैच के तीन अन्य आईएएस को पे मेट्रिक्स लेवल-17 में पदोन्नत किया गया है. इनमें आईएएस अधिकारियों में मनोज पिंगुआ के अलावा ऋचा शर्मा, निधि छिब्बर, और विकास शील शामिल हैं। इन चारों आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति छानबीन समिति की 26 दिसंबर को हुए बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर की गई है। इनके अलावा 2008 बैच के आठ आईएएस अधिकारियों को पे मेट्रिक्स लेवल-14 में पदोन्नत किया गया है। इनके साथ शर्त यह है कि इन्हें मिड कैरियर ट्रेनिंग में अनिवार्य रूप से भाग लेना होगा।

## लोकसभा चुनाव जीतने बीजेपी पदाधिकारियों को मिले टिप्स




**रायपुर 31 दिसम्बर 2023।** प्रदेश बीजेपी कार्यालय में हुई अहम बैठक अब खत्म हो गई है। लोकसभा तैयारियों के मद्देनजर हुई इस बैठक में छत्तीसगढ़ बीजेपी के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। बता दें कि सभी सातों मोर्चा के पदाधिकारियों की यह बैठक हुई थी। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों को टास्क सौंपे गए हैं। आगामी दिनों में हर मोर्चा संपर्क अभियान चलाया जाएगा। हर वर्ग को साधने और भाजपा से जोड़ने का अभियान चलेगा।
जानकारी के मुताबिक इस बैठक में महिला मोर्चा सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन करेगी। एससी मोर्चा छात्रावास जाकर संवाद करेगा। किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा का आयोजन करेगा। किसान और मजदूरों से संपर्क करने अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में लिए निर्णय के अनुसार उन्हें टास्क सौंपा गया है।

## सांसद मोहन मंडावी ने रचा इतिहास:बांटे 48 हजार रामायण

**» जनोजात को जोड़ना सांसद मोहन का उद्देश्य**

**कांकेर,31 दिसंबर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी को पूरा देश रामायनी सांसद के नाम से जानता हैं। वें बचपन से धर्म का प्रचार कर रहे है। अब धार्मिक क्षेत्र में सांसद मोहन मंडावी ने इतिहास रच दिया है। वें अब देश के ऐसे पहले सांसद बन गए है जिन्होंने 48000 रामायण की प्रतियां बांटी हैं। देश में उनकी काफ़ी अलग छवि हैं। वें धर्म और विकास को लेकर चलते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन प्रभु श्री राम के सेवा में न्यौछावर कर दिया है। आपकों बता दें रामभक्त सांसद मोहन मंडावी अब 51000 रामायण बांटने के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। सांसद मोहन ग्रामीणों के आमंत्रण में उनके गांव पहुंच कर रामसत्ता कार्यक्रम में शामिल होते है और वहां रामायण के प्रतियां बांटकर प्रभु श्री राम को अपने जीवन का आदर्श मानकर उनके गुणों का अनुसरण करने का आग्रह करते है। वें ग्रामीणों को हिंदू धर्म और संस्कृति का महत्व समझाते है। सांसद मोहन का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर जन-जन को प्रभु श्री राम से जोड़ना है। रामभक्त सांसद मोहन मंडावी रामायण को केंद्र में रखकर समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंधविश्वास ,छुवाछुत , नशा और



निरक्षरता के बारे में विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जनमानस को जागरूक करते हैं।

**हर गांव में है रामायण मंडली**

सांसद मोहन मंडावी अपनी बातों को रामचरित मानस के चौपाई के माध्यम से कहते हैं। वें सदन में भी हर मुद्दों और विकास कार्यों की मांग रामचरित मानस के चौपाइयों के माध्यम से करते हैं। सांसद मोहन गांवों दौरा कर महिला - पुरुष मानस मंडली का गठन करवाते हैं। छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश और उड़ीसा में लगभग हर गांव में उनकी रामायण मंडली हैं। हर साल इन मंडलियों द्वारा गांवों में रामायण मानसगान सम्मेलन और प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। जिसमें सांसद मोहन मंडावी मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचते हैं।
जमीन से जुड़े हुआ नेता, हारमोनियम, बेंजो और तबला के है ऑलराउंडर मास्टर
सांसद मोहन मंडावी जमीन से जुड़े हुए नेता है। वो नरेंद्र मोदी को आदर्श मानकर स्वच्छ राजनिति करते हैं। जमीन से जुड़े होने कारण वें बेहद लोकप्रिय हैं। अक्सर उनके रामायण में हारमोनियम और तबला बजाते हुए गायन का विडियो वायरल होता है।

**पीएम मोदी भी तारीफ करते नहीं थकते**

सांसद मोहन मंडावी इस नेक की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सदन व विभिन्न मंचों पर करते रहते हैं। हाल ही में जगदलपुर प्रवास पर आए प्रधानमंत्री मोदी ने उनके चौपाई युक्त भाषण को सुनकर उनकी पीठ थपथपाकर उनकी तारीफ की थी। उसके पहले कांकेर दौरे पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि आपके लोकप्रिय सांसद सांसद मोहन मंडावी जी जब भी भारत की संसद में बोलते है अपना 56 इंच का सीना चौड़ा कर बोलते है । आपके सांसद मोहन मंडावी जी रामायण बांट रहे हैं। राम के प्रति लोगों में आस्था जगा रहे हैं। आपके सांसद इतना पुण्य का काम कर रहे। भारत की संस्कृति की इतनी बड़ी सेवा कर रहें। वें करिश्माई काम कर रहे हैं।

# कोर्ट के कर्मचारी ने 33 आपराधिक व 3 सिविल प्रकरण की फाइलें की गायब,दर्ज हुआ एफआईआर

**बैकुंठपुर 31 दिसम्बर 2023।** जिला न्यायालय से 33 आपराधिक व 3 सिविल सहित कुल 36 प्रकरण की फाइल वहां के अभिलेखापाल ने गायब कर दिया। इस मामले में डीजे कोर्ट के आदेश पर चरचा पुलिस ने अभिलेखापाल निगमेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। केस की महत्वपूर्ण फाइलें गायब हो जाने से हडक़ंप मचा हुआ है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि 31 अक्टूबर 2023 को जिला एवं सत्र न्यायालय के अनुशासनिक अधिकारी की ओर से आदेश प्राप्त हुआ है। इसमें शासन प्रति निगमेन्द्र प्रताप सिंह अभिलेखापाल जिला न्यायालय बैकुंठपुर के विरूद्ध न्यायालय के 33 आपराधिक प्रकरण की फाइल एवं 3 सिविल प्रकरण की फाइल व मूल्यवान दस्तावेज को जान-बूझकर गुमा देने या नष्ट कर देने के संबंध में उल्लेख है।




आरोपी द्वारा अधिक मात्रा में न्यायालयीन फाइलों की अफरा-तफरी कर गंभीर अपराध किया गया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी निगमेन्द्र प्रताप सिंह के विरूद्ध धारा 409, 477 का अपराध प्रथम दृष्टिया घटित करना पाया गया है। मामले में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

**यह है पूरा मामला**

आरोपी अभिलेखापाल द्वारा एमके राज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनेन्द्रगढ़ के मई 2017 के 34 आपराधिक प्रकरण एवं 4 सिविल प्रकरण प्राप्त किया गया। लेकिन 33 आपराधिक प्रकरण एवं 3 सिविल प्रकरण गुमा दिया गया है।
मामले में कारण बताओ सूचना पत्र 24 मार्च 2023 आदेशिका वाहक रामलाल तिर्की के माध्यम से तामिली के लिए अपचारी के स्थानीय निवास मार्गदर्शन संस्थान मार्ग दर्शन रोड बैकुंठपुर भेजा गया। आदेशिका वाहक रामलाल तिर्की ने यह टीप अंकित किया कि 28 मार्च 2023 को बैकुंठपुर मार्गदर्शन संस्थान में खुद जाकर निगमेन्द्र प्रताप सिंह नहीं पाया गया। घर में भी पता किया तो कहीं जाना बताया गया। जिस कारण से बिना तामिल वापस हुआ है। वहीं 24 मार्च 2023 को एक प्रति रजिस्टर्ड डाक से अपचारी के सेवा पुस्तिका में वर्णित निवास रिंग रोड चोपड़ापारा अंबिकापुर भी भेजा गया। जो इस टीप के साथ वापस हुआ कि प्राप्तकर्ता निवास स्थान से पलायन कर गया है।

**घर में होते हुए भी तामिली से किया अभद्र व्यवहार**

मामले में 18 अप्रैल 2023 को जारी कर विनय कुमार प्रधान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश को जांच अधिकारी नामित कर प्रतिवेदन चाहा गया। जांच अधिकारी ने 1 अगस्त 2023 को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें अपचारी कर्मचारी के विरूद्ध जारी समंस अनिर्वाहित होना लेख किया गया है। अपचारी घर में होते हुए भी तामिली से अभद्र व्यवहार कर नहीं होना बताया गया है। अपचारी के विरूद्ध नोटिस का प्रकाशन भी कराया गया है। परंतु अपचारी उपस्थित नहीं हुआ। मामले में आरोपी निगमेन्द्र प्रताप सिंह अभिलेखापाल के विरूद्ध एक पक्षीय विभागीय जांच कर साक्षियों के साक्ष्य लेखबद्ध प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश में 2024 में होगा कानून का राज

### कानून किसी की जेब में नहीं होगा:विजय शर्मा



**रायपुर 31 दिसम्बर 2023।** विष्णुदेव साय सरकार का स्पष्ट मानना हैं कि संविधान के आधार पर सरकार चलें। कानून का राज हो, किसी व्यक्ति विशेष का राज न हो। कानून किसी की जेब में न हो। पहले ऐसा हुआ है। उन सबका उपचार किया जाएगा, निराकरण किया जाएगा। यह बात गृहमंत्री विजय शर्मा ने सरकार के 15 दिनों के कामकाम की समीक्षा करते हुए कही है।
भाजपा के राज में अपराध में बढ़ोतरी के कांग्रेस के आरोप पर गृह मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 15 दिन की सरकार का ऐसा आंकलन नहीं किया जाता। प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नशा बढ़ा है।
13,15 साल के बच्चे इंजेक्शन से नशा करते हैं. ये सब हर हाल में समाप्त होना चाहिए. वहीं नए साल में कानून व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री ने कहा कि हर दिन मेहनत और चुनौती का दिन है। अगले साल भी चुनौतियां होंगी। आने वाला समय प्रदेश के लिए अच्छा हो, कानून का राज हो। नौजवान किसी और दिशा में हैं, उन्हें समझाकर मुख्यधारा में लायेंगे।
लोकसभा चुनाव को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा साय सरकार किए हुए वादों को पूरा कर रही है। आने वाले समय में भी जनता का पूरा समर्थन भाजपा को मिलेगा। वहीं बीजेपी की बैठक को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि पार्टी के निर्देश हैं। सरकारों को कैसे होना चाहिए. बार-बार बीजेपी की सरकार बने। उसके लिए स्पष्ट दिशा निर्देश हैं, उस पर चर्चा होगी।

## साय कैबिनेट को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया बड़ा बयान

**रायपुर 31 दिसम्बर 2023।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और छत्तीसगढ़ के प्रभारी शिव प्रकाश ने आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री,उप मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों की अहम बैठक ली। सरकार गठन के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा समेत सभी मंत्रियों के साथ उनकी ये पहली बैठक भी रही। इस बैठक के जरिए सभी को मिशन लोकसभा के लिए तैयार रहने का टास्क दिया गया है।
इस बार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ की सभी 11 की 11 लोकसभा सीट जीतने का रखा गया है। इसके लिए लोकसभा वाइज क्लस्टर का गठन होगा और हर क्लस्टर का प्रभारी एक एक मंत्री को बनाया जाएगा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में कई तरह के आयोजन और सम्मेलन होंगे। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेता से लेकर संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी छत्तीसगढ़ आएंगे। इन सबकी जानकारी सीएम और उनकी कैबिनेट को दी गई है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित ये बैठक करीब एक घंटे चली। बैठक के दौरान साय कैबिनेट के पार्टी और संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देशों की भी जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव मोदी की गारंटी पर लड़ा गया है। लिहाजा इस गारंटी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर भी चर्चा हुई। शिव प्रकाश के साथ साथ इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव भी शामिल रहे।



## 31 वीं राष्ट्रीय जूनियर फैंसिंग प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**रायपुर 31 दिसम्बर 2023।** राजधानी रायपुर के अग्रसेन धाम में आयोजित आज से प्रारंभ हुई 31 वीं राष्ट्रीय जूनियर फेंसिंग बालक-बालिका प्रतियोगिता का शानदार पुलिस बैंड के सुमधुर धुन पर सम्पूर्ण भारत वर्ष के 26 राज्यों के 536 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट करते हुए आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव मेहता (महासचिव ,भारतीय तलवारबाज़ी महासंघ) एवं विशेष अथिति राजपाल सिंह त्यागी पूर्व आई ए एस ,को सलामी दी। खिलाड़ियों को शपथ छत्तीसगढ़ की राष्ट्रिय खिलाडी रश्मान कौर धीमान ने दिलाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण नन्द कुमार साहू ,



छत्तीसगढ़ लान टेनिस एसोसिएशन के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, लीलाधर चंद्राकर, पूर्व पार्षद, रानी दुर्गावती वार्ड 50, रायपुर, बशीर अहमद खान महासचिव छत्तसीगगढ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन, समीर खान, महासचिव छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ, रजिया खान, अध्यक्ष आयोजन समिति, शैख आसिफ सहसचिव आयोजन समिति, कमल रुपरेल सहसचिव आयोजन समिति, निखिल कुमार जम्भुलकर सहसचिव, आयोजन समिति,आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता,आयोजन समिति के सदस्य व्ही जॉनसन सोलोमन,मोहनीश वर्मा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के पदाधिकारीगण तथा विभिन्न राज्यों से आये पदाधिकारीगण उपस्थित थे। पुलिस बैण्ड पर राष्ट्रगान हुआ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)